दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 08 दिसम्बर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 350 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## गोवा में नाइट क्लब में सिलेंडर ब्लास्ट 25 लोगों की दर्दनाक मौत, 6 घायल

**सीएम बोले- पटाखे फोड़ने से आग लगी, क्लब मैनेजर सहित 4 गिरफ्तार**




**पणजी।** गोवा के अरपोरा इलाके में शनिवार देर रात एक नाइट क्लब में आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हैं। मरने वालों में 4 टूरिस्ट और 14 स्टाफ शामिल हैं, जबकि 7 लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।गोवा पुलिस ने क्लब मैनेजर सहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया है।

सीएम प्रमोद सावंत ने कहा, शुरूआती जांच के मुताबिक पटाखे फोड़ने से आग लगी। कुछ लोग बाहर आ गए लेकिन कुछ नहीं आ सके, जिससे उनकी जान चली गई। पूरी जांच की जा रही है, और एक हफ्ते में रिपोर्ट मिल जाएगी। आज ही कुछ लोगों को सस्पेंड कर दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को भी सजा दी जाएगी। मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपए मुआवजा दिया जाएगा।

शुरूआती जांच में सामने आया है कि क्लब में फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं किया गया था। प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और फोरेंसिक टीम आग की असली वजह की जांच कर रही है।

वहीं, प्रधानमंत्री ने हादसे पर दुख शेष, पृष्ठ 2




# गोवा हादसे के इफेक्ट दिखने लगे गाजियाबाद में

## फायर डिपार्टमेंट ने पहले दिन 31 स्थानों पर की रेड, 5 जगह नहीं मिले पर्याप्त फायर सेफ्टी इंतजाम

### - सात दिनों तक चलेगा विशेष जांच अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गोवा के एक क्लब में हुए दर्दनाक हादसे में 25 लोगों की मौत के बाद पूरे देश में अलर्ट जारी कर दिया गया है। इसी कड़ी में उत्तर प्रदेश के डीजी फायर सर्विस ने सभी जिलों और कमिश्नरेटों को होटल, बार, रेस्टोरेंट, क्लब और भीड़भाड़ वाले स्थानों की फायर सेफ्टी जांच के निर्देश दिए हैं। निर्देशों के बाद रविवार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात जोन में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल और फायर स्टेशन कोतवाली प्रभारी शेषनाथ यादव की टीम ने कुल 31 स्थानों का निरीक्षण किया। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि जांच के दौरान 5 स्थान ऐसे पाए गए जहां आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का नहीं है, बल्कि आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा।

### 7 दिनों तक चलेगा अभियान, 300 से अधिक रेस्टोरेंट और बार होंगे जांच के दायरे में





करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि बार और रेस्टोरेंट में ज्वलनशील पदार्थ के साथ ही शराब की मौजूदगी के कारण आग बेहद तेजी से फैल सकती है। इसे देखते हुए गाजियाबाद में 100 से अधिक बार, 300 से ज्यादा रेस्टोरेंट और लगभग 50 क्लब फायर सेफ्टी की गहन जांच के लिए चिह्नित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि हर साल दिवाली और नए साल के समय ऐसे अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन गोवा हादसे के बाद यह जांच अभियान और अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। निरीक्षण के दौरान बार, होटल और रेस्टोरेंट में दमकल नियमावली के तहत निर्माण, आपात निकास, आग बुझाने के उपकरणों की उपलब्धता, स्टाफ की ट्रेनिंग, आदि मानकों की जांच की जा रही है।

### नियमों का उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठान होंगे बंद, डीएम को भेजी जाएगी रिपोर्ट

करंट क्राइम : मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने कहा कि जो बार, होटल और रेस्टोरेंट अग्निशमन लाइसेंस के बिना या नियमों के विरुद्ध संचालित हो रहे हैं, उनकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। यह रिपोर्ट डीपीएसटीआर अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी जाएगी, ताकि उनके खिलाफ बंदी सहित आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिन प्रतिष्ठानों में आग से बचाव और सुरक्षा के उचित उपाय नहीं पाए जाएंगे, उन पर हर हाल में कार्रवाई होगी।

# सीएम योगी आदित्यनाथ आज गाजियाबाद में करेंगे अत्यंत महत्वपूर्ण समीक्षा व संगठनात्मक बैठक

### पुलिस लाइन में उतरेगा हेलीकॉप्टर, नेहरू नगर शिशु मंदिर परिसर में संघ-भाजपा पदाधिकारियों संग विशिष्ट मंत्रणा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को गाजियाबाद के विशेष दौरे पर आ रहे हैं। उनका कार्यक्रम प्रशासन और संगठन दोनों के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर दोपहर लगभग 1 बजे पुलिस लाइन में उतरेगा। यहां से वह ज़िला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों की सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीधे नेहरू नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिसर के लिए रवाना होंगे। बैठक को पूरी तरह गोपनीय रखा गया है। मीडिया प्रतिनिधियों सहित किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह भी माना जा रहा है कि बैठक लंबी चल सकती है और इसमें प्रदेश व राष्ट्रीय संगठन में महत्वपूर्ण फेरबदल के संकेत मिल सकते हैं। कई जानकारों का अनुमान है कि बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा भी जल्द हो सकती है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी के छह जिलों–गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, मुजफ्फरनगर एवं शामली–के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में संगठनात्मक मजबूती, आगामी राजनीतिक रणनीति, विभिन्न क्षेत्रों में सक्रियता बढ़ाने, और प्रदेश स्तर की नियुक्तियों से जुड़े अहम मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### बैठक के बाद आगरा के लिए होंगे रवाना सीएम

करंट क्राइम : सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में बैठक सम्पन्न होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सीधे हिंडन एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वह हेलीकॉप्टर से आगरा के लिए उड़ान भरेंगे। इस गोपनीय और अहम बैठक से जिले ही नहीं बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बीजेपी और संघ के उच्च पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री का यह चर्चा-सत्र आगामी रणनीति की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### अधिकारियों का रविवार को भी दौरा, कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू


करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के आगमन को देखते हुए प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने रविवार को अवकाश होने के बावजूद पूरे रूट का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन से लेकर शिशु मंदिर परिसर तक सुरक्षा की बहु-स्तरीय तैयारियां की गई हैं। सभी प्रमुख चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही रूट पर बैरिकेडिंग और यातायात डायवर्जन रहेगा। कार्यक्रम स्थल के आसपास की ऊंची इमारतों पर स्नाइपर और पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती रहेगी। वहीं हर प्रवेश मार्ग पर चेकिंग प्वाइंट, परिसर के अंदर व बाहर सुरक्षा घेरा कई लेयर में तैयार किया गया है। नेहरू नगर क्षेत्र में पुलिस और इंटेलिजेंस टीमों की तैनाती बढ़ा दी गई है। आने वाले सभी अतिथियों की पहचान की विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री की सुरक्षा के अलावा शीर्ष पदाधिकारियों के सुरक्षित आगमन और प्रस्थान पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# एसआईआर अभियान में रखा है अधिकारियों ने मानवीय संवेदना का ध्यान

## बीएलओ की डयूटी भी जरूरी है लेकिन उनके खराब स्वास्थ्य का भी रखा है पूरा ध्यान



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एसआईआर अभियान में इस बार जिला निर्वाचन विभाग ने पूरी तन्मयता से काम किया है। जिन अधिकारियों को इस अभियान की जिम्मेदारी दी गयी। उन्होंने क्षेत्र में डेरा डालकर काम किया। जितने भी बीएलओ इस अभियान में लगाये गये ग्राउन्ड स्तर पर डोर टू डोर जाते देखा। अभियान को लेकर पूरी टीम सजग दिखाई दी। सबसे खास बात ये रही कि एसआईआर अभियान में अधिकारियों ने किसी भी सिफारिश को नहीं माना। जिस बीएसओ की डयूटी जहां लगाई गयी उसको वहीं पर काम करना पड़ा। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि मानवीय संवेदनाओं को दरकिनार किया गया। मैडिकल से संबंधित जितनी भी एप्लीकेशन आयीं और जिन्होंने स्वास्थ्य संबंधी समस्या बताई उनका तत्काल ही निरीक्षण कराया गया। खास बात ये रही कि अधिकारियों ने मानवीय संवेदनाओं




के साथ काम किया। अभियान प्रभारी और एसडीएम अरूण दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके क्षेत्र में लगभग 30 ऐसे बीएलओ थे जिनको मैडिकल ग्राउन्ड पर रिप्लेस किया गया। इस बात का विशेष ध्यान रखा गया कि किसी भी बीएलओ को हैल्थ संबंधी कोई दिक्कत ना हो। जिनको इस तरह की परेशनी थी उनको अभियान से हटाकर छुटटी दी गयी और उनके स्थान पर दूसरे कर्मचारी को बीएसओ के रूप में भेजा गया। इससे अभियान भी प्रभावित नहीं हुआ और किसी भी सरकारी कर्मचारी बीएलओ का स्वास्थ्य भी प्रभावित नहीं हुआ। ऐसी व्यवस्था पूरे जिले की सभी विधानसभाओं में की गयी थी।

बताया जाता है कि मोदीनगर में अभियान के दौरान एक बीएलओ की मृत्यु हो गयी थी। उनका स्वास्थ्य अचानक खराब हो गया। और उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था। वहीं रामप्रस्थ ईलाके में भी विमला नाम की एक बीएलओ को अभियान के दूसरे दिन ही दिल में दर्द की शिकायत के बाद उपचार के लिए भेजा गया। विमला को तुरंत मैडिकल ग्राउन्ड पर लीव दी गयी और उनके स्थाना पर दूसरे बीएलओ की तैनाती की गयी। इस तरह से निर्वाचन विभाग यानी जिला प्रशासन ने यहां पूरी तरह से अभियान में काम भी किया और उन्होंने मानवीय संवेदनाओं के साथ बीएलओ के स्वास्थ्य पर ध्यान भी दिया।

# पुलिस कमिश्नर के विजयनगर थाने में निरीक्षण के बाद आएंगे अच्छे दिन

### - सीपी के निरीक्षण में मौजूद रहे एसीपी और एसएचओ

## जल्द शुरू होगा निर्माण और सौंदर्यीकरण का काम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने और थानों की वर्किंग में सुधार लाने के अभियान के तहत विजयनगर थाने का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एसीपी घंटाघर/कोतवाली रितेश त्रिपाठी और विजयनगर थाना प्रभारी धर्मपाल सिंह मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर ने थाने में साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और आम जनता से व्यवहार को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने थाने में वेटिंग रूम तथा जनसुनवाई कक्ष को उच्च स्तर पर विकसित करने के निर्देश दिए ताकि आने वाले लोगों को बैठने और अपनी बात रखने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा करने का आदेश दिया गया। कमिश्नर ने थाने के क्राइम रजिस्टर, लंबित मुकदमे, कार्रवाई की प्रगति और थाने की दैनिक वर्किंग की भी गहन जांच की। उन्होंने एसीपी और इंस्पेक्टर से विजयनगर क्षेत्र के अपराध की स्थिति पर विस्तृत वार्ता करते हुए लंबित मामलों में जल्द कार्रवाई, पीड़ितों की सुनवाई और समयबद्ध निस्तारण को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

### जल्द हो सकता है कविनगर या मधुबन बापूधाम थाने का निरीक्षण

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों के अनुसार पुलिस कमिश्नर द्वारा लगातार विभिन्न जोन और सर्किलों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जल्द ही सिटी जोन के अंतर्गत कविनगर सर्किल में आने वाले थाना कविनगर या मधुबन बापूधाम का निरीक्षण भी प्रस्तावित है। कमिश्नर के इस अभियान का उद्देश्य थानों की कार्यप्रणाली में सुधार, पुलिस-जनता संबंधों को मजबूत करना और अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना है।

# जब समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने रखा एसआईआर की प्रगति का रिपोर्ट कार्ड

## तब क्षेत्रीय अध्यक्ष क्यों बोले सहयोग के बदले सहयोग मिलेगा, ये बात याद रखें मैम्बर ऑफ वार्ड






**इस अभियान में अगर कोई उदासीन रहा है तो वो स्वयं मतदाता हैं। इस बैठक में सबसे सकारात्मक बात ये रही कि भाजपा के किसी भी जनप्रतिनिधि ने या संगठन के पदाधिकारी ने जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा और आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली है। वो जमीनी हकीकत से रूबरू होकर चल रहे हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची गहन पुनरिक्षण अभियान में भाजपा जोर शोर से जुटी थी। संगठन स्तर पर इसकी बैठकें हुई और खास तौर से गाजियाबाद पर इसलिए भी फोकस था कि यहां के शहर विधाक संजीव शर्मा को इस अभियान का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया था। इधर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कमान संभाली। खुद मयंक गोयल मैदान में उतरे, कार्यकर्ताओं का मनोबल बढाते हैं। लेकिन इस अभियान में अगर कोई उदासीन रहा है तो वो स्वयं मतदाता हैं। भाजपा के कार्यकर्ता बीएलओ के साथ लगे। बीएलओ भी घर घर गये और फार्म दिया। लेकिन यहां पर निराशा तब हाथ लगी जब फार्म लेने के बाद मतदाताओं ने उसे भरकर वापस देने में रूची नहीं दिखाई। सार ये रहा कि कहीं आरडब्ल्यूए आगे नहीं आयी, कहीं पार्षद अभियान से दूर रहे। एसआईआर अभियान को लेकर जब समीक्षा बैठक हुई तो यहां पर भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जितना भी काम हुआ है उसका श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया और उनका मनोबल बढाते हुए ये बताया कि 50 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ। भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसौदिया, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, शहर विधयक तथा एसआईआर अभियान के प्रदेश सह संयोजक संजीव शर्मा ने रिपोर्ट कार्ड को लेकर संतुष्टि नही दिखाई। उन्होंने कहा कि और काम होना चाहिए था और सबसे बड़ी बात येथी कि यहां पर पार्षदों के रोल को लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष के बोल कड़े रहे। उनसे सहयोग की उम्मीद थी और उन्होंने सहयोग नहीं किया। एसआईआर की समीक्षा वाली बैठक में महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल ने कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ाया और जब उन्होंने प्रगति वाला रिपोर्ट कार्ड रखा तो वो हाफ टारगेट वाला था यानी 50 प्रतिशत वाला था। इस रिपोर्ट कार्ड को लेकर संतुष्टि वाली सहमति बनती नहीं दिखाई दी। जानकी भवन में चल रही इस बैठक में सबसे पहले महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने प्रस्तावना रखी और कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर बहुत मेहनत की है और 50 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हुआ है। सूत्र बताते हैं कि ये मयंक गोयल की तरफ से कार्यकर्ताओं का पक्ष था, लेकिन 50 प्रतिशत वाली बात से प्रदेश सहसंयोजक और शहर विधायक संजीव शर्मा संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने को अपनी सराहना नहीं माना जाना चाहिए। बहुत अधिक काम करने की जरूरत है। रिपोर्ट कार्ड की बात पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप भी अपने लहजे में पूरी बात कह गये। उन्होंने कहा कि आप कह रहे हैं कि इतना काम किया है। उन्होंने यहां पर संजीव शर्मा क महानगर अध्यक्ष कार्यकार का उदाहरण दिया और कहा कि जो रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया जा रहा है उसमें और मेहनत की जरूरत है। इसके बाद जब क्षेत्रीय अध्यक्ष के पास माईक आया तो उन्होंने भी अभियान को लेकर संतुष्टि नहीं जताई। सबसे पहले उन्होंने इसकी सफलता के क्रम को मंडल से जांचना शुरू किया और फिर वो वार्ड तक आये। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने तीनों विधानसभाओं के बीएलए 1 के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने मंडल की जानकारी ली। यहां शहर मंडल, गांधीनगर मंडल, साहिबाबाद में इंदिरापुरम मंडल और मुरादनगर वाले मंडल में राहुल तोमर का रिजल्ट अच्छा रहा। इनके लिए ताली बजी और फिर क्षेत्रीय अध्यक्ष जब वार्ड वाले रिपोर्ट कार्ड पर आये तो उनका लहजा हार्ड हो गया। उन्होंने इसी बात पर नाराजगी दिखाई कि जब समीक्षा बैठक में ही 50 प्रतिशत पार्षद नहीं आये हैं तो इससे ही समझा जा सकता है कि पार्षदों ने एसआईआर अभियान में कितनी रुचि ली होगी।

क्षेत्रीय अध्यक्ष पार्षदों के इस रवैये से खफा दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि जब बैठक में ही 50 प्रतिशत आये हैं तो काम भी 50 प्रतिशत ही हुआ होगा। इसके बाद उन्होंने स्पष्ट कह दिया कि पार्षद अब ये सोच लें कि जैसा उन्होंने अब किया है आगे हमारी तरफ से भी उन्हें सहयोगी मिलेगा। जैसा ये करेंगे वैसा ही सहयोग हमारा रहेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष के ये शब्द बता रहे थे कि एक साल बाद जब टिकट मांगने की बेला आयेगी तो संगठन भी तुम्हारा रिपोर्ट कार्ड तैयार करेगा।

विधायक संजीव शर्मा को संगठन और सदन दोनों का अनुभव है और वो भी इस बात से चिंतित थे कि अभियान में प्रगति होनी चाहिए थी। नरेन्द्र कश्यप संगठन सियासत के पुराने खिलाड़ी हैं और वो जानते हैं कि इस अभियान में जो फार्म वापस नहीं आये हैं उसका आने वाले समय में क्या रिजल्ट आयेगा। वहीं जहां तक बात महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की है तो उनकी तरफ से प्रयास में कोई कमी नहीं रही, टीम वर्क में कोई कमी नहीं रही। लेकिन जब मतदाताओं ने ही फार्म लौटाने में ही रुचि नहीं दिखाई तो बीएलओ और बीएलए ही क्या करते, संगठन के पदाधिकारी भी क्या करते। लेकिन इस बैठक में सबसे सकारात्मक बात ये रही कि भाजपा के किसी भी जनप्रतिनिधि ने या संगठन के पदाधिकारी ने जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा और आगे बढ़कर जिम्मेदारी ली है। वो जमीनी हकीकत से रूबरू होकर चल रहे हैं।



# गोवा के नाइट क्लब में बड़ा हादसा, 25 लोगों की मौत

## दोषियों को बख्शेंगे नहीं, सीएम सावंत ने अग्निकांड की जांच के दिए आदेश



**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपोर्रा में नाइट क्लब में लगी भीषण आग में 25 लोगों की मौत के बाद जांच का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्लब के प्रबंधक और अन्य लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि क्लब के मालिकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। अग्निकांड देर रात बर्च बाय रोमियो लेन क्लब में हुआ। अपोर्रा गांव में स्थित यह लोकप्रिय स्थल राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर है और पिछले साल खोला गया था।

मुख्यमंत्री सावंत ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण दिन है। गोवा के पर्यटन इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी आग की घटना हुई है। 25 लोगों की मौत हुई। मैं रात डेढ़-दो बजे घटनास्थल पर पहुंचा, स्थानीय विधायक माइकल लोबो मेरे साथ थे। सभी अधिकारी भी वहां मौजूद थे। आग को आधे घंटे के भीतर काबू में किया गया। लेकिन जिस क्लब में यह घटना हुई, कुछ लोग वहां से बाहर निकल पाए, लेकिन कुछ नहीं निकल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोगों की दम घुटने से मौत हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चार लोग पर्यटक थे और बाकी क्लब के कर्मचारी थे। मैं उनके मौत पर शोक व्यक्त करता हूं और उनके परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट करता हूं। मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

उन्होंने कहा, सरकार की ओर से मृतकों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। अस्पताल में भर्ती छह लोगों को गोवा मेडिकल कॉलेज में सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा दी जा रही है। मैंने कॉलेज के डीन से बातचीत की है। हमने इस घटना की मजिस्ट्रियल जांच का आदेश दिया है। जांच में यह देखा जाएगा कि क्लब ने कौन-कौन सी अनुमतियां हासिल की थी और उन्हें किसने प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखा जाएगा कि आग सुरक्षा मानक और भवन निर्माण नियमों का पालन किया गया या नहीं। क्लब के मालिकों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। प्रबंधक और अन्य लोग पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर आज सुनवाई, पत्नी ने दायर की है अपील

**लेह हिंसा के मामले में जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिका सोनम की पत्नी ने दायर की है, जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा।**



**24 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने टाल दी थी सुनवाई**

**नई दिल्ली।** जेल में बंद पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की याचिका पर यह सुनवाई होगी, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी गई है और इसे गैर-कानूनी और मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है।

इससे पहले 29 अक्टूबर को, सुप्रीम कोर्ट ने अंगमो की संशोधित याचिका पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। हालांकि केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अंगमो द्वारा दायर याचिका पर जवाब देने के लिए कुछ समय मांगा था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 24 नवंबर को इस मामले पर सुनवाई को टाल दिया था। सोनम वांगचुक की पत्नी की याचिका में कहा गया है, 'सोनम वांगचुक को पुरानी एफआईआर, अस्पष्ट आरोपों और अंदाजों के आधार पर हिरासत में रखा गया है। इसलिए इसका कोई कानूनी वजह नहीं है।

### याचिका में वांगचुक की हिरासत को दी गई चुनौती

याचिका में कहा गया, 'रोकथाम की शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल अधिकारों का उल्लंघन है, जो संवैधानिक आजादी पर चोट करता है। याचिका में सोनम वांगचुक की हिरासत को रद्द करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि यह पूरी तरह से बेतुका है कि लद्दाख और पूरे भारत में शिक्षा, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण में अपने योगदान के लिए राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचाने जाने के बाद वांगचुक को अचानक निशाना बनाया गया।

अंगमो ने कहा कि 24 सितंबर को लेह में हुई दुर्भाग्यपूर्ण हिंसा की घटनाओं को किसी भी तरह से वांगचुक के कामों या बयानों के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अंगमो ने कहा कि वांगचुक ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए हिंसा की निंदा की और साफ तौर पर कहा कि हिंसा से लद्दाख की तपस्या और पांच साल की शांतिपूर्ण कोशिश नाकाम हो जाएगी। वांगचुक ने हिंसा को लेकर कहा, 'यह उनकी ज़िंदगी का सबसे दुखद दिन था'।

वांगचुक को 26 सितंबर को सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था।

# ठंडी हवाएं दिन में भी करा रही हैं सिहरन का अहसास, आने वाले दिनों में पारा लुढ़केगा




**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी से राजधानी में ठंडी हवाएं चल रही है। ऐसे में रविवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे और सुबह के समय धुंध छाई रहेगी। दिन में तेज सतही हवाएं 15-20 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान 24 और 9 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहेगा। ऐसे में लोगों को सुबह-शाम ठंडक का अहसास होगा। साथ ही, दिन में ठंडी हवाएं लोगों को परेशान करेंगी।

आने वाले दिनों में पारा 6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इधर, शनिवार को सुबह से ही मौसम में ठंडक बनी हुई थी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, वैसे-वैसे दिन में सूरज की गर्मी का हल्का अहसास हुआ। इसी बीच अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री कम रहा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो मौसम के औसत से 2.7 डिग्री अधिक रहा। दिल्ली में अधिकतम आर्द्रता 100 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 40 प्रतिशत रही। वहीं, आया नगर सबसे ठंडा इलाका रहा। यहां न्यूनतम पारा 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा, लोधी रोड में 6.8, पालम में 7.5 और रिज में 8 न्यूनतम पारा दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार, 8 से 12 दिसंबर तक दिल्ली में मौसम मुख्य रूप से साफ रहेगा।सुबह के समय हल्का कोहरा या धुंध रहने की संभावना है, जबकि दिन में तेज धूप और हल्के बादल रहेंगे। न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 23 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। 8 दिसंबर को अधिकतर आसमान साफ रहेगा, लेकिन सुबह धुंध छाएगी।

# नवंबर में दमघोंटू रही दिल्ली

## 23 दिन बेहद खराब रहा एक्यूआई

**दिल्ली।** नवंबर में दिल्ली प्रदूषण के मामले में चौथे नंबर पर रहा। थिंक टैंक ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली का मासिक औसत पीएम 2.5 लेवल 215 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जो अक्तूबर के 107 माइक्रोग्राम के मुकाबले लगभग दोगुना है।

शहर में नवंबर के दौरान शहर का एक्यूआई 23 दिन बहुत खराब, 6 दिन गंभीर और 1 दिन खराब दर्ज किया गया। इस दौरान पराली जलाने का असर कम रहा। इसका योगदान केवल 7 प्रतिशत था, जबकि पिछले साल यह 20 प्रतिशत था। रिपोर्ट में बताया कि एनसीआर के कई शहरों में हवा का स्तर नेशनल स्टैंडर्ड से ऊपर रहा।

दिल्ली सहित बहादुरगढ़, नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा जैसे शहरों में प्रदूषण लगातार उच्चस्तर पर रहा। सीआरईए के विश्लेषक मनोज कुमार ने कहा कि पराली जलाने के असर में कमी के बावजूद, ट्रांसपोर्ट, इंडस्ट्री, पावर प्लांट और अन्य स्त्रोतों से साल भर जारी प्रदूषण के कारण शहरों में हवा लगातार खराब बनी रहती है। उनका कहना है कि जब तक इन स्त्रोतों से उत्सर्जन कम नहीं होगा, शहरों की हवा सुरक्षित स्तर तक नहीं आएगी।



राजधानी में हवा की गति सुस्त रहने से प्रदूषण बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। शनिवार सुबह की शुरूआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई। वहीं, आसमान में स्मॉग की हल्की चादर भी दिखी। इसके चलते दृश्यता भी कम रही।

# रविवार को इंडिगो की 650 उड़ानें रद्द

## सरकार ने नोटिस देकर पूछा- आप पर कार्रवाई क्यों न की जाए?




**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन में परिचालन संकट को दूर कर हालात सामान्य करने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन संकट लगातार छठे दिन जारी है और रविवार को भी देश के प्रमुख हवाई अड्डों पर 650 उड़ानें रद्द हुईं। इंडिगो में जारी संकट के चलते बीते छह दिनों में करीब 3000 उड़ानें रद्द हुई हैं, जिससे देश में हवाई यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ है और लाखों यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। अब सरकार ने इंडिगो के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की तैयारी कर ली है।

**सरकार ने इंडिगो को जारी किया कारण बताओ नोटिस :** डीजीसीए ने इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स और सीओओ और अकाउंटेबल मैनेजर पोकेर्रास को शनिवार को डीजीसीए ने कारण बताओ नोटिस जारी कर परिचालन संकट पर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। डीजीसीए ने नोटिस में कहा है कि बड़े पैमाने पर परिचालन योजना बनाने की असफलता और संसाधन प्रबंधन की चूक दिखाई देती है।

नोटिस में कहा गया है कि इंडिगो में जारी संकट का मुख्य कारण नए एफडीटीएल नियमों को लागू करने के लिए सही इंतजाम न करना है, ऐसे में एयरलाइन के खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए। इंडिगो के परिचालन में लगातार पांचवें दिन रुकावट जारी रहने पर, नागरिक उड्डयन मंत्री के राममोहन नायडू ने शनिवार को मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ और पीटर एल्बर्स के साथ बैठक की और हालात की समीक्षा की। बैठक में इंडिगो के सीईओ से यह भी पक्का करने को कहा गया कि एयरलाइन एक तय समयसीमा में नए एफडीटीएल नियमों का पालन करे।

रविवार को इंडिगो की 650 उड़ानें रद्द हो चुकी हैं। इंडिगो अपनी रोजाना संचालित होने वाली 2300 उड़ानों में से 1650 का संचालन कर रही है। इससे पहले शुक्रवार को इंडिगो की करीब 1,600 उड़ानें रद्द हुईं। हालांकि शनिवार को रद्द उड़ानों की संख्या घटकर करीब 800 रह गई।

# मां-बेटी हत्याकांड का पर्दाफाश

## प्रेमिका को करना था इंप्रेस... 'भतीजा' निकला कातिल






**गोरखपुर।** गोरखपुर में पुलिस ने शनिवार को शाहपुर इलाके के घोषीपुरवा में मां-बेटी हत्याकांड का पदार्फाश कर दिया। पुलिस के मुताबिक, घर के सामने रहने वाला युवक रजत उर्फ रितेश रंजन (21) कातिल निकला, जो मृतक विमला को बुआ कहकर बुलाता था। आरोपी रजत ने प्रेमिका के पिता के कर्ज को चुकाने और उसे महंगा मोबाइल फोन खरीदकर देने के लिए लूट की साजिश रची। विमला के विरोध करने पर मां-बेटी को मार डाला।

**मोबाइल में मिले गहनों और नकदी के फोटो से घेरे में आया आरोपी**

पुलिस ने आरोपी रजत को शुक्रवार की रात में उसके घर से गिरफ्तार किया। इसके बाद शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके पास से 18 ग्राम गला हुआ सोना, गहने, मोबाइल और नकद 50 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा भी बरामद कर लिया है।

एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि शाहपुर इलाके के घोषीपुरवा स्थित मकान में 23 नवंबर की रात शांति देवी (75) और उनकी बेटी विमला (55) की हथौड़े से हत्या की गई थी। आरोपी रजत सेवानिवृत्त रेलवे कर्मी का बेटा है और बीए अंतिम वर्ष का छात्र है।

वह वर्ष 2019 से मोहल्ले की एक लड़की से रिश्ते में था। आरोपी, विमला के घर साथ में अक्सर शराब पीने और मिलने-जुलने जाता था। घर में उसकी आवाजाही इतनी सामान्य थी कि किसी को उस पर कभी शक नहीं हुआ।

एसपी सिटी ने बताया कि घटना वाली रात भी वह शराब पीने के बहाने घर पहुंचा और मौका पाकर अलमारी से कैश व गहने चोरी की कोशिश की, लेकिन विमला ने उसे पकड़ लिया। तब रजत ने कमरे में पड़े हथौड़े से विमला के सिर पर कई वार कर हत्या कर दी। वहीं दूसरी तरफ सोफे पर लेटीं बुजुर्ग शांति देवी ने आवाज सुनी तो रजत को लगा कि वह सबका भंडाफोड़ कर देंगी। उसने उसी हथौड़े से शांति देवी की भी हत्या कर दी।

### घड़ियाली आंसू से पुलिस को करता रहा गुमराह

पुलिस के अनुसार, हत्या करने के बाद आरोपी साढ़े चार लाख रुपये व पांच लाख के गहने लेकर घटनास्थल से अपने घर चला गया। अगले दिन जब दोनों का शव मिला तो वह पुलिस के साथ मिलकर आरोपियों को पकड़ने की बात करता रहा। यहां तक कि मृतका के दाह संस्कार के दौरान भी वह मौजूद रहा और लोगों के सामने रोता-बिलखता रहा। पुलिस के अनुसार, वह हर कदम पर जांच को गुमराह करता रहा।

डबल मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस ने लगभग 900 सीसीटीवी फुटेज और 200 मोबाइल नंबरों की सीडीआर खंगाली। इस दौरान जब जांच रजत के फोन तक पहुंची तो उसके मोबाइल में विमला के सोने की ब्रेसलेट और नकदी की तस्वीरें मिलीं। इसे लूट के बाद कैश गिनते हुए आरोपी ने खुद अपने मोबाइल में कैद किया था। इसके बाद पुलिस ने उससे कड़ाई से पूछताछ की तो वह टूट गया।

16.94 ग्राम की सोने की चेन, करीब 18 ग्राम गला सोना, एक अंगूठी, मोबाइल, 50 हजार रुपये और एक हथौड़ा।

### यह है मामला

शाहपुर के घोसीपुरवा स्थित घर के अंदर 23 नवंबर की रात शांति देवी और उनकी बेटी विमला की हथौड़े से हत्या की गई थी। हथौड़ा कपड़े में लिपटा होने से पुलिस को उस पर उंगलियों के निशान नहीं मिले थे। शुरूआत में मामला संपत्ति और ई-रिक्शा खड़ा करने के विवाद की तरफ झुक रहा था।

# पहाड़ों से आ रही ठंडी हवाओं ने मैदानों में बढ़ाई ठिठुरन




**शिमला।** उत्तर भारत के कई हिस्से दिसंबर के शुरूआती दिनों में ही कड़ाके की ठंड, तेज शीतलहर, घने कोहरे की चपेट में आ गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में कई जगह पारा शून्य से नीचे चला गया है। अगले कुछ दिन में दिल्ली, एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा के मैदानी इलाकों में भी ठंड बढ़ने के आसार हैं। यूपी में 5 डिग्री तापमान के साथ कानपुर सबसे ठंडा रहा, जबकि इटावा 5.6 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली-एनसीआर सर्दी के साथ जहरीली हवा की मार भी झेल रहा है और हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। दिल्ली में शनिवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 335 दर्ज किया गया, जो बेहद खराब श्रेणी है। पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का सीधा असर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में महसूस होगा। इन राज्यों में 7-8 दिसंबर को शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों से आने वाली ठंडी हवाएं मैदानी इलाकों में तापमान को और नीचे ले जा सकती हैं। कई स्थानों पर सुबह-शाम ठंड और कोहरा बढ़ने की संभावना जताई गई है। घने कोहरे की वजह से कई इलाकों में दृश्यता कम होने की आशंका है, जिससे रेल-उड़ान सेवाओं पर भी असर पड़ सकता है। हिमाचल के लाहौल-स्पीति में बर्फबारी के आसार हैं। 8-9 दिसंबर को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में भी हिमपात का अनुमान है। मंडी व बिलासपुर में सुबह के समय घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। कुकुमसेरी में -5.6 व ताबो में -4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर में शोपियां सबसे ठंडा रहा। जहां न्यूनतम पारा माइनस 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जम्मू में हल्के बादल छाए रहे और मौसम ठंडा रहा।

पश्चिमी विक्षोभ के असर से जम्मू-कश्मीर, लद्दाख में अगले तीन दिन बारिश-बर्फबारी की संभावना है। कई हिस्सों में पानी जमने की स्थिति बन चुकी है और पाला मुश्किलें बढ़ा रहा है।

उत्तराखंड में सात दिसंबर से उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं।

# जल्द ही डबल डेकर ई बसों से राजधानी का कर सकेंगे दीदार




**नई दिल्ली।** राजधानी की सड़कों पर इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बसें दौड़ेंगी। ये बसें रोजमर्रा की सवारी के लिए नहीं, बल्कि दिल्ली के मशहूर स्थलों की सैर कराने के लिए होंगी। इन बसों को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) ने पर्यटन विभाग को सौंपा है।

ये बसें पहले ओखला डिपो में खड़ी थीं। अब इनकी शुरूआत जल्द हो सकती है। डबल-डेकर इलेक्ट्रिक बसें करीब 9.8 मीटर लंबी और 4.75 मीटर ऊंची हैं। इनमें चालक समेत लगभग 63 यात्री सवारी कर सकते हैं। बसों का किराया वयस्कों के लिए 500 रुपये और 6-12 साल के बच्चों के लिए 300 रुपये तय किया गया है।

साथ ही, बसों में एक गाइड भी होगा जो यात्रियों को उन स्थलों की जानकारी देगा, जहां वो जा रहे हैं। बता दें कि पुरानी डबल-डेकर बसें, जिन्हें कभी सुविधा बस कहा जाता था, 1989 में बंद कर दी गई थीं। ई इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बसों के लिए सरकार ने तय किया है कि इन्हें सामान्य शहर बस सेवा का हिस्सा नहीं बनाया जाएगा। दिल्ली की सड़कों, ओवरब्रिज-ओवरहेड तारों, पेड़-पत्तों आदि को देखते हुए, ऐसा करना मुश्किल होगा।

# सीएम का मुरादाबाद दौरा आज

## योगी अफसरों के साथ करेंगे समीक्षा बैठक

**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को मुरादाबाद के दौरे पर रहेंगे। उसके प्रस्तावित दौरे को लेकर रविवार से ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई हैं। सर्किट हाउस पर अस्थायी हेलीपैड तैयार किया जा रहा है। जहां सीएम कल सुबह 10:50 बजे पहुंचेंगे।

सीएम योगी लखनऊ से पहले बरेली उसके बाद हवाई मार्ग से मुरादाबाद आएंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार वह 11 बजे से 12 बजे तक जिले के शीर्ष अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसमें कानून-व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और सरकारी योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की संभावना है।

दौरे को देखते हुए सर्किट हाउस और आसपास के क्षेत्रों में रविवार से ही पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सभी विभागीय रिपोर्ट तैयार रखने के निर्देश जारी किए गए हैं।



सीएम योगी बैठक के बाद दोपहर 12:10 बजे पुलिस लाइन से हवाई मार्ग द्वारा गाजियाबाद के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रशासन का कहना है कि रविवार शाम तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

# बस-कार की सीधी भिड़ंत, तीन की मौत

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में वजीरगंज के अनभुला गांव के पास गोंडा-अयोध्या हाईवे पर बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि, कार सवार तीन लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कॉलेज भेजा। आगे की कार्रवाई की जा रही है। शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी नितिन गोयल की चार दिसंबर को शादी थी।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र नवीन कुमार निगम व पुत्र वधु श्रीमती मनीषा जो कि परिवार के साथ गलत व्यवहार करते हैं और अपनी मर्जी से कही भी आते-जाते हैं,आपस में भी झगड़ा कर लेते हैं, इनकी हरकतों से तंग व परेशान होकर नवीन कुमार निगम व उसकी पत्नी श्रीमती मनीषा को मजबूरी में आकर इनसे सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनसे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं रहा है । भविष्य में अपने द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन या कृत्य के यह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विजय कुमार निगम पुत्र स्व० श्री कन्हैया लाल,
नि०-ए-27, विकास नगर एक्स० हस्त साल
उत्तम नगर नई दिल्ली
हाल पता-एफ-136 शिवपुरम पार्ट-2
आकाश नगर इन्द्रगढी थाना मसूरी गाजियाबाद-
फोन नं0-9868815987

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। सोमवार 08 दिसम्बर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Aacharya Shri Manish Sharma
5h · Nakash Aziz · Happy Birthday

प्रिय छोटे भाई राजेश पंडित को जन्म दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं भोले बाबा स्वस्थ रखें सभी मनोकामना पूर्ण करें यशस्वी



## एसआईआर अभियान पर गाजियाबाद में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का बड़ा संदेश

# भाजपा में अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता भी शीर्ष तक पहुंच सकता है





**भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जहां अवसर परिवारवाद से नहीं बल्कि कर्म से मिलता है।**
**ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम**



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर स्थित रामलीला मैदान के जानकी सभागार में शुक्रवार को आयोजित भाजपा एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं को संगठन और लोकतंत्र से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जहां अंतिम पंक्ति का कार्यकर्ता भी मेहनत के बल पर शीर्ष नेतृत्व तक पहुंच सकता है, जबकि विपक्षी दलों में नेतृत्व परिवारवाद की सीमाओं में बंधा होता है।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के साथ हुआ।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल की अध्यक्षता में आयोजित इस विशेष बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं पश्चिम यूपी





प्रभारी सुभाष यदुवंशी, प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी, जिलाध्यक्ष चैनपाल सिंह, सांसद अतुल गर्ग, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, विधायक संजीव शर्मा, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व महापौर आशा शर्मा सहित विभिन्न वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बॉबी त्यागी ने किया।

### एसआईआर शुद्ध, पारदर्शी मतदाता सूची का संकल्प : डिप्टी सीएम

करंट क्राइम। अपने संबोधन में डिप्टी सीएम ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जहां अवसर परिवारवाद से नहीं बल्कि कर्म से मिलता है। उन्होंने कार्यकताओं से घर-घर जाकर मतदाता सत्यापन अभियान को तीव्र गति देने की अपील करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता को 12 घरों की जिम्मेदारी दी गई है। हमें वास्तविक मतदाताओं की पहचान कर निष्पक्ष, शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करनी है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विपक्ष नकली वोटों पर आधारित राजनीति चाहता है, जबकि भाजपा लोकतांत्रिक शुचिता को सर्वोपरि मानती है।

### एसआईआर लोकतंत्र का महायज्ञ : मयंक गोयल

करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा— एसआईआर केवल अभियान नहीं, लोकतंत्र का महायज्ञ है। हमारा लक्ष्य आंकड़े बढ़ाना नहीं, बल्कि विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना है।



### संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के वक्तव्य







- **चैनपाल सिंह** ने कहा कि गाजियाबाद एसआईआर में 'परिणाम आधारित मॉडल' प्रस्तुत करेगा।
- **सुभाष यदुवंशी** ने कहा कि भाजपा की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है।
- **सतपाल सैनी** ने एसआईआर को लोकतंत्र की नींव मजबूत करने वाला अभियान बताया।
- **नरेंद्र कश्यप** ने कहा कि गाजियाबाद अनुशासन और समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है।
- **अतुल गर्ग** ने कहा कि विजय के वाहक कार्यकर्ता ही हैं।
- **अनिल अग्रवाल** ने बताया कि भाजपा में पद का आधार केवल योग्यता है।
- **संजीव शर्मा** ने कहा कि भाजपा का सबसे बड़ा ब्रांड उसका कार्यकर्ता है।

### सम्मान और आभार

करंट क्राइम। युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों का स्वागत किया। महिला मोर्चा संयोजिका अनिता शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ तिलक वंदन किया। प्रदीप चौधरी, बृजभूषण पंडित और सुनील शर्मा ने उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। मंडल अध्यक्षों को डिप्टी सीएम के हाथों सम्मानित कराया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# भाजपा के महामंत्री ने क्यों ले लिया निशाने पर शालीमार गार्डन का थाना

## सपा की मानसिकता के साथ 'Y वाद' शब्द का क्या है फसाना

गाजियाबाद, करंट क्राइम। राजनीति में लीडर के शब्दों का भी एक अर्थ होता है। इन दिनों सोशल मीडिया का जमाना है और सोशल मीडिया पर कई बार शब्द भड़ास बनकर भी आते हैं और कई बार शब्दों का एक संदेश देने की कोशिश होती है। भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान अकसर सोशल मीडिया पर आते हैं और मुददों को उठाते हैं। पप्पू पहलवान वार्ड की राजनीति का चेहरा हैं, महानगर के संगठन का चेहरा हैं और अगर उनकी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधि देखी जाये तो वे निश्चित रूप से एक जननेता का भी चेहरा हैं। जाहिर है कि जो जननेता है वो जनता के काम के लिए थाने भी जायेगा, वो जनता के काम के लिए अधिकारी के यहां भी जायेगा। जनता के नेता हैं तो विकास के लिए भी जायेंगे और जननेता हैं तो अगर क्षेत्र में कोई गतिविधि अवैध हो रही है तो उसे लेकर भी आवाज उठायेंगे। पप्पू पहलवान के नेतृत्व में लोगों ने शालीमार गार्डन थाने का घेराव किया। लोगों का ये कहना है कि क्षेत्र में कई ऐसी पान की दुकानें हैं जो रात को एक बजे और दो बजे तक खुलती हैं। लोगों का ये कहना है कि इन दुकानों पर अवैध रूप से नशे का सामान बिक रहा है। लोग इसके लिए पुलिस को जिम्मेदार मानते हैं। लोगों ने थाने का घेराव किया। बात जब पप्पू पहलवान तक पहुंची तो वो भी वहां पहुंचे और इस मामले में अधिकारियों से बात की। यहां तक तो ठीक था लेकिन आम तौर पर शांत रहकर अपनी बात कहने वाले पप्पू पहलवान को किस थानेदार से नाराजगी थी। कौन सी ऐसी कार्यप्रणाली थी जो उन्हें चुभ रही थी। पप्पू पहलवान ने फेसबुक पर थाने का नाम लिया और उन्होंने लिखा कि शालीमार गार्डन थाने में सपा की मानसिकता वाले कर्मचारी हैं। राजनीतिक व्यक्ति और खास तौर से सत्ता से जुड़े नेता ने अगर ये आरोप लगाया है तो निश्चित रूप से कोई बात होगी। क्योंकि अगर राजनीतिक बात होती तो भाजपा के महामंत्री सपा के लिए लिखते, लेकिन उन्होंने सपा मानसिकता की बात की और उनकी इस पोस्ट क बाद प्रतिक्रियायें आने लगीं। उन्होंने अपनी पोस्ट में 'वायबाद' शब्द लिखा। अब




इस 'Y वाद' शब्द का क्या अर्थ है ये पप्पू पहलवान बता सकते हैं, लेकिन वाद का जिक्र आया है तो कुछ तो बात है। वैसे भी पप्पू पहलवान की जन छवि ऐसी है कि वो आसानी से किसी सेनहीं उलझते हैं। आरोप प्रत्यारोप से यथासंभव बचते हैं। लेकिन अगर बात जनता से जुड़ी है तो वो खुलकर सामने भी आते हैं। शालीमार गार्डन थाना ठीक है। सपा की मानसिकता वाली बात हो सकती है। लेकिन पप्पू पहलवान 'Y वाद' वाला कौन सा नया शब्द लाये हैं ये वो बेहतर बता सकते हैं। लेकिन वो सीधे सीधे पुलिस को टारगेट करते हुए फेसबुक पर आये हैं तो जाहिर है कि कुछ तो कहानी है।

### जनता की बात रखने के लिए गये थे थाने पप्पू पहलवान




करंट क्राइम। सपा की मानसिकता वाले थानाध्यक्ष को लेकर वो क्या कहना चाहते हैं। वो कौन से बीस लोगों की बात कर रहे हैं और ये पूरा मामला क्या है इसे जानने के लिए करंट क्राइम ने भाजपा के महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान से बात की। पप्पू पहलवान ने कहा कि उनकी थाने के किसी भी कर्मचारी से, स्टाफ से या कोतवाल से कोई नाराजगी नहीं है। सिर्फ जनता के मुददे का मामला है क्षेत्र की जनता परेशान है और अगर लोगों को सुरक्षा नहीं मिलेगी और वे असुरक्षित महसूस करेंगे तो फिर थाने भी जाना पड़ता है। सपा की मानसिकता वाले शब्दों को लेकर उन्होंने कहा कि ये जनता की आवाज है कि जब एक जाति विशेष के लोग अगर कहीं अपने शब्दों में कोई ऐसी बात ले आते हैं तो ये बात फि बाहर आती है। उन्होंने कहा कि हमने तो अल्टीमेटम दियाहै कि या तो पुलिस खुद दुकानें बंद कराये। हम कानून व्यवस्था में विश्वास करने वाले लोग हैं और कोई अराजकता नहीं चाहते। लेकिन अगर क्षेत्र की जनता को परेशानी होगी तो फिर मजबूरन देर रात तक खुलने वाली ये दुकाने हमें बंद करानी होंगी। हमें कोतवाल ने आश्वस्त किया है दुकानदारों को नोटिस दे दिया गया है, और इन तत्वों पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय लोगों ने सौंपा थाना प्रभारी को ज्ञापन

करंट क्राइम। जनसमस्याओं को लेकर भाजपा महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने स्थानीय निवासियों और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर शालीमार गार्डन थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। लोगों ने थाने पर नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में चोरी, अवैध खोखों से अराजकता फैल रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इन खोखों पर नशे का सामान बिक रहा है। लोगों ने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की भी मांग की।

## अपराध नियंत्रण को लेकर जे रविंदर गौड की एक और पहल

# पुलिस ऑफिस में भी होगा आईटीएमएस का मॉनिटरिंग रूम

### नगर निगम के साथ पुलिस भी रखेगी पैनी नजर, निर्माण कार्य शुरू

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर प्रदेश में जनसंख्या व घनत्व के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण जिला है।

इसको देखते हुए शहर के ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाने की दिशा में इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) पर अब पुलिस की निगरानी में भी काम करेगा।

करोड़ों रुपये की लागत से नगर निगम और एक प्राइवेट कंपनी के सहयोग से तैयार कंट्रोल रूम का कंट्रोल नगर निगम मुख्यालय के



बेसमेंट में बनाया गया है। सूत्रों के अनुसार, 15 दिसंबर से यह कंट्रोल रूम पूरी तरह क्रियाशील हो जाएगा। इसी के साथ, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने भी अपनी कार्यप्रणाली को और मजबूत करने के लिए पुलिस मुख्यालय में अलग से एक नया मॉनिटरिंग रूम विकसित करना शुरू कर दिया है।

### एडिशल सीपी कार्यालय के ऊपर बन रहा है कंट्रोल रूम कक्ष



करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों ने बताया है कि एडिशनल सीपी मुख्यालय के कार्यालय के ठीक ऊपर प्रथम तल पर आधुनिक कंट्रोल इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) रूम तैयार किया जा रहा है। यहां से अपराधियों की गतिविधियों, संदिग्ध वाहनों की आवाजाही, घटनाओं व दुर्घटनाओं की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कई बार रात में या आपात स्थिति में फुटेज, लाइव कैमरा, डाटा और लोकेशन की तुरंत जरूरत होती है। ऐसे में नगर निगम मुख्यालय तक निर्भर रहने के बजाय पुलिस के अपने कंट्रोल रूम से तेज कार्रवाई संभव होगी। नियम तोड़ने वालों पर भी तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू हो चुका है और इसे दिसंबर के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य है।

### पुलिस लाइन का हाईटेक मुख्य गेट तैयार

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सुरक्षा, सौंदर्य और आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बेहतर पुलिसिंग के साथ-साथ बुनियादी ढांचे को भी लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस लाइन का मुख्य गेट पूरी तरह हाईटेक अंदाज में दोबारा तैयार किया गया है। नए गेट पर आकर्षक लाइटिंग, मजबूत स्ट्रक्चर, सीसीटीवी कैमरे और चौबीसों घंटे सक्रिय गार्ड रूम की व्यवस्था की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सर्दियों के मौसम में कोहरे के चलते सुरक्षा जोखिम बढ़ जाता है। ऐसे में पुलिस लाइन जैसे संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की वारदात या अनहोनी की आशंका को समाप्त किया जा सके। नए गेट से न केवल सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि यह पूरे परिसर को आधुनिक और व्यवस्थित रूप प्रदान करेगा।

## छोटे कार्य - बड़ा योगदान, जिम्मेदार नागरिकता का संदेश : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति सेवा का एक सशक्त माध्यम हो सकती है लेकिन बिना राजनीति के भी कई लोग, लोगों की सेवा करते हैं। तरह तरह के एनजीओ बनाकर सेवा के व्हीकल इलेक्ट्रिक व्हीकल है तो हम प्रदूषण न फैला कर देश और समाज में अपने हिस्से का योगदान कर देते हैं। अगर हम सड़कों पर कूड़ा नहीं फेंकते तो स्वच्छता अभियान को बल




प्रकल्प चलाते हैं। लेकिन बिना कोई प्रकल्प चलाए भी, बिना कोई एनजीओ बनाए भी देश और समाज के सुगम संचालन में सहयोग करके अपना योगदान कर सकते हैं। हम अपने आने जाने के लिए हम जिस व्हीकल का प्रयोग करते हैं, अगर वह प्रदान करते हैं। अगर हम समय से करों का भुगतान करते हैं तो भी देश की व्यवस्थाओं के व्यवस्थित संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। अगर हम नौकरी करते हैं और हम समय से अपने ऑफिस पहुंचकर अपने दायित्व का निष्ठापूर्वक




- सेवा केवल राजनीति या एनजीओ तक सीमित नहीं — ज़िम्मेदार व्यवहार भी सेवा है।
- स्वच्छता, इलेक्ट्रिक वाहन और समय पर टैक्स—पर्यावरण व राष्ट्रहित में सीधा योगदान।
- ईमानदारी, समयपालन और कर्तव्यनिष्ठा—हर पेशे में समाज निर्माण की शक्ति।
- नियमों का पालन करना ही राष्ट्र की व्यवस्था को सुचारु रखने का सबसे सरल तरीका है।
- छोटे-छोटे कर्म, मिलकर नागरिक को समाज का सच्चा सहयोगी बनाते हैं।

निर्वाह करते हैं तो हम अच्छे कर्मचारी बनकर अपना योगदान करते हैं। अगर हम कोई डाक्टर, इंजीनियर, वकील या शिक्षक हैं तो भी हम अपने दायित्व का निर्वाह करके समाज की व्यवस्था के संचालन में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। अगर हम सड़क पर चलते हुए, सड़क पार करते हुए। लाल बत्ती पर, रेलवे फाटक पर नियमों का पालन करते हैं तो भी हम देश की व्यवस्थाओं के संचालन में अपना योगदान करते हैं। रेल का टिकट खरीदते हुए। बस का टिकट खरीदते समय, हवाई अड्डे पर लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। तो हम न केवल व्यवस्थाओं के व्यवस्थित संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान करते हैं बल्कि स्वयं भी संतोष का अनुभव करते हैं।

अपने कार्य, व्यवसाय, नौकरी में ईमानदारी से काम करने का प्रयास करते हैं। मिलावट करने या, कम तोलने या काम चोरी जैसे गलत कार्यों से बचते हैं तो न केवल हमारी, हमारे कार्य और हमारे प्रतिष्ठान की प्रतिष्ठा बढ़ती है बल्कि अच्छे समाज के निर्माण में हम अपना महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। अगर हम अपने दैनंदिन व्यवहार में सच बोलने का प्रयास करते हैं तो हम समाज में और भी बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान करते हैं।

इन छोटे छोटे कार्यों को करके हम अच्छा नागरिक कहलाने के अधिकारी बन जाते हैं। हमारा ये योगदान किसी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता, किसी एनजीओ या किसी समाजसेवी से कमतर नहीं है।

## संपादकीय

# भारत–रूस रिश्ते और मजबूत

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिनकी यात्रा के दौरान भारत और रूस के बीच बनी सहमति द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने के साथ–साथ पश्चिम के लिए भी संदेश है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि उसकी विदेश नीति राष्ट्रीय हितों और अपने लोगों की जरूरत के हिसाब से तय होती है। आगे भी यही स्वतंत्र नीति जारी रहेगी।

दबाव नहीं यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन की इस पहली भारत यात्रा पर पूरी दुनिया की नजरें थीं। अमेरिका–यूरोप यूक्रेन युद्ध रुकवाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं, जबकि यही ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने से पहले इसे भड़का रहे थे। वहीं, भारत हमेशा से कहता रहा है कि शांति होनी चाहिए। शुक्रवार को हुए संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत ने यूक्रेन युद्ध खत्म करवाने में भूमिका निभाने की बात कही। मगर यह भी कहा कि वह किसी तरह के दबाव को नहीं मानेगा।

व्यापार पर फोकस पुतिन और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार को 2030 तक 100 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। 2024–25 में दोनों के बीच 68.7 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था, लेकिन इसमें एक बड़ा हिस्सा रूस से खरीदे गए कच्चे तेल का था। अमेरिका पर प्रेशर द्विपक्षीय व्यापार में पलड़ा अभी मॉस्को की तरफ झुका हुआ है और भारत के पास मौका है कि वह इसमें संतुलन लाए। यूरेशियन इकॉनमिक यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट होने से व्यापार में सहूलियत होगी। फिलहाल इस पर बात चल रही है। भारत–रूस के बीच इस सहमति से अमेरिका पर भी दबाव बनेगा, जिसकी एक टीम ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत करने के लिए अगले हफ्ते भारत आने वाली है।

तेल खरीद पुतिन ने कहा है कि वह भारत को तेल की आपूर्ति करना जारी रखेंगे। यह बात बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि अमेरिका को सबसे ज्यादा दिक्कत भारत की रूसी तेल खरीद से ही है। लेकिन, जो देश अपनी जरूरत का 85% क्रूड ऑयल बाहर से खरीदता हो, उसके लिए दाम में थोड़ी भी भी कमी बड़ा अंतर लाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रूस से तेल आयात बढ़ाने पर पहले दो साल में भारत को करीब 13 अरब डॉलर का फायदा हुआ था।

रक्षा संबंध इस दौरे से भारत–रूस के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग और बढ़ सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान र–400 डिफेंस सिस्टम का प्रदर्शन शानदार रहा, जिसके बाद भारत इसकी और यूनिटें खरीदना चाहता है। परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। कुल मिलाकर, पुतिनका यह दौरा दोनों देशों के संबंधों को नए दौर में ले जाएगा।

# तेलंगाना राइजिंग समिट 2025 में वैश्विक नेताओं की जुटान

**नई दिल्ली।** तेलंगाना राइजिंग ग्लोबल समिट 2025 में वैश्विक नेतृत्व, शीर्ष उद्योगपति, विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल होंगे। राज्य सरकार ने शनिवार को बताया कि यह सम्मेलन 8-9 दिसंबर को यहां आयोजित होगा। एक बयान में कहा गया कि भारत फ्यूचर सिटी के लिए तय जगह पर होने वाले इस दो दिन के सम्मेलन में 27 विशेष समूह चर्चा का आयोजन किया जाएगा।



ऊर्जा, हरित परिवहन, सूचना प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि एवं विशेषज्ञ अपने-अपने क्षेत्र में विकास की संभावनाओं के बारे में प्रस्तुतियां देंगे। सम्मेलन में शामिल दूसरे क्षेत्रों में पर्यटन, शहरी आधारभूत ढांचा, कृषि, उद्योग, महिला उद्यमी को बढ़ावा देने वाला क्षेत्र, गिग इकॉनमी, सामाजिक कल्याण और स्टार्टअप शामिल हैं। विश्व सवास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक और यूनीसेफ जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठन के प्रतिनिधि सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उद्योग और संस्थागत भागीदारों में टीईआरआई, बीसीजी, माइक्रोन इंडिया, हिताची एनर्जी, ओ2 पावर, ग्रीनको, अपोलो हॉस्पिटल्स, आईटी हैदराबाद, नास्कॉम, सफरान, डीआरडीओ, स्काईरूट, ध्रुव स्पेस, अमूल, लॉरस लैब्स, जीएमआर और टाटा रियल्टी शामिल हैं। बयान में कहा गया कि वित्तीय और निगमित क्षेत्रों के भागीदारों में कोटक बैंक, गोल्डमैन सैक्स, ब्लैकस्टोन, डेलॉइट, कैपिटालैंड, स्विगी, एडब्ल्यूएस, ताज होटल्स, और अन्य शामिल हैं।

ओलंपिक गोल्ड क्वेस्ट सत्र में पीवी सिंधु, अनिल कुंबले, पुलेला गोपीचंद, गगन नारंग, और ज्वाला गुट्टा जैसी जानी-मानी खेल जगत की हस्तियां शामिल होंगी। फिल्म उद्योग से फिल्मनिमार्ता एसएस राजामौली, अभिनेता रितेश देशमुख, निर्देशक सुकुमार, निमार्ता गुनीत मोंगा और लेखक-पत्रकार अनुपमा चोपड़ा क्रिएटिव सेंचुरीझसॉफ्ट पावर एंड एंटरटेनमेंट विषय पर चर्चा करेंगे।

मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की अगुवाई में राज्य के मंत्री और सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी आगंतुकों को विश्व स्तरीय मेहमाननवाजी देने के लिए इंतजाम कर रहे हैं। राज्य सरकार सम्मेलन के दूसरे दिन नौ दिसंबर को अपना तेलंगाना राइजिंग 2047 विजन डॉक्यूमेंट पेश करेगी।

# रुपया कमजोर, एफपीआई की बड़ी निकासी

**नई दिल्ली।** फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टर्स ने दिसंबर के पहले हफ्ते में भारतीय शेयर बाजार से 11,820 करोड़ रुपए (1.3 बिलियन डॉलर) निकाल लिए। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, इस निकासी की मुख्य वजह रुपए की तेज गिरावट रही।





विदेशी निवेशकों ने नवंबर में 3,765 करोड़ की निकासी की थी। 2025 में अब तक कुल 1.55 लाख करोड़ रुपए ($17.7 बिलियन) निकाल चुके हैं। हालांकि पहले हफ्ते में 19,783 करोड़ की खरीदारी की। इससे ऋढ्ढक निकासी का प्रभाव बाजार पर सीमित रहा।

### रुपए में गिरावट की वजह से निकासी

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट विजयकुमार ने कहा, रुपए की 5% गिरावट ने ऋढ्ढक्र को निकासी के लिए मजबूर किया। वहीं एंजेल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकार जावेद खान ने कहा, ईयर-एंड पोर्टफोलियो रीपोजिशनिंग और इंडिया-वर ट्रेड डील में देरी ने ग्लोबल सेंटिमेंट खराब किया है।

### इस साल 5% तक गिरा रुपया

इससे पहले रुपया 4 दिसंबर को डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर आ गया था। ढळक के अनुसार आज डॉलर के मुकाबले रुपया 28 पैसे गिरकर 90.43 के स्तर पर आ गया था। रुपया 2025 में अब तक करीब 5% कमजोर हो चुका है।

1 जनवरी को रुपया डॉलर के मुकाबले 85.70 के स्तर पर था।

# विदेशी मुद्रा भंडार लगातार घटा, सोने में तेज बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** देश के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते कई हफ्तों से गिरावट का दौर जारी है। रिजर्व बैंक के ताजा आंकड़ों में भी ये क्रम जारी है। हालांकि सोने के भंडार में तेजी दर्ज की गई है।

भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में बीते एक हफ्ते में गिरावट आई है। देश के केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ने जो आंकड़े जारी किए हैं, उनके मुताबिक 28 नवंबर को खत्म हुए सप्ताह में भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 1.88 अरब डॉलर की गिरावट आई है और अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 686 अरब डॉलर रह गया है। 21 नवंबर को खत्म हुए सप्ताह में भी देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज की गई थी और यह 4.4 अरब डॉलर घटकर 688 अरब डॉलर रह गया था। अब लगातार दूसरे सप्ताह भी इसमें कमी दर्ज की गई है।

### सोने के भंडार में तेजी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे ज्यादा हिस्सेदारी विदेशी मुद्रा संपत्ति (एफसीए) का है, जो 557 अरब डॉलर है। इसमें 3.5 अरब डॉलर की गिरावट आई है। हालांकि सोने के भंडार में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें 1.6 अरब डॉलर की तेजी आई है और यह 105 अरब डॉलर पहुंच गया है। गौरतलब है कि इससे पहले 27 सितंबर 2024 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार $704.885 billion के रिकार्ड उच्चतम स्तर पर था।

### एसडीआर में बढ़ोतरी

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार (रउ्फ) में मामूली बढ़ोतरी हुई है। बीते सप्ताह के दौरान एसडीआर में 6.3 करोड़ डॉलर की मामूली बढ़ोतरी हुई है। अब यह बढ़ कर 18 अरब डॉलर का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (क्टत्र) के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 1.6 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। अब अपना आईएमएफ रिजर्व बढ़ कर4.7 अरब डॉलर का हो गया है।

# वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार गिरावट, अनाज में मामूली बढ़त

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के एफएओ के अनुसार नवंबर में वैश्विक खाद्य कीमतों में लगातार तीसरे महीने गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट सस्ते हुए, जबकि अनाज में 1.8% की बढ़ोतरी रही। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट पर आया, जो मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से 22% कम है।



वैश्विक महंगाई के दबाव के बीच नवंबर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरा महीना साबित हुआ। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक लगातार तीसरे महीने विश्व स्तर पर खाद्य कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। दूध, तेल, चीनी और मीट जैसी प्रमुख वस्तुएं सस्ती हुईं, जबकि अनाज समूह में बढ़ोतरी देखी गई। एफएओ का वैश्विक खाद्य मूल्य सूचकांक नवंबर में 125.1 पॉइंट रहा, जो अक्तूबर 2025 की तुलना में 1.2 फीसदी कम है और मार्च 2022 के रिकॉर्ड स्तर से करीब 22 फीसदी नीचे आ चुका है।

एफएओ की सितंबर 2025 की ताजा रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नवंबर में बड़ी नरमी दर्ज हुई। सूचकांक अक्टूबर के मुकाबले गिरा और वर्ष दर वर्ष आधार पर भी यह नवंबर 2024 की तुलना में 2.1 फीसदी नीचे रहा। अनाज को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख श्रेणियों दूध, तेल, चीनी और मीट में कीमतें घटीं, जिसने उपभोक्ताओं को काफी राहत प्रदान की। मक्के के दाम ब्राजील में मजबूत मांग और अर्जेंटीना-ब्राजील में बारिश से आपूर्ति बाधित होने के कारण बढ़े। जौ और ज्वार के भाव भी ऊपर गए, जिन पर सोयाबीन की बढ़ती वैश्विक कीमतों का सीधा असर दिखा। इसके विपरीत, चावल मूल्य सूचकांक नवंबर में 1.5 फीसदी घटा। उत्तरी गोलार्ध में फसल कटाई की शुरूआत और इंडिका व सुगंधित चावल की कमजोर आयात मांग ने कीमतों को नीचे खींचा।

### गेहूं और मक्के में उछाल

दूसरी ओर अनाज मूल्य सूचकांक नवंबर में 105.5 अंक रहा जो अक्टूबर की तुलना में 1.8 और कुल मिलाकर 1.3 फीसदी ऊपर है। हालांकि यह अभी भी पिछले वर्ष की तुलना में 5.3 फीसदी नीचे बना हुआ है। गेहूं के दाम वैश्विक स्तर पर 2.5 फीसदी बढ़े। इसकी वजह चीन द्वारा अमेरिका से बड़े आयात, ब्लैक सी क्षेत्र में तनाव और रूस में अगले वर्ष की फसल के लिए कम बुवाई का अनुमान रहा।

### पाम, सूरजमुखी और डेयरी में गिरावट

खाद्य तेल मूल्य सूचकांक नवंबर में 165 अंक पर रहा और इसमें 2.6 फीसदी की कमी आई। पाम, सूरजमुखी और रेपसीड तेल के दाम घटे, जबकि सोया तेल ब्राजील में बायोडीजल की मांग बढ़ने से थोड़ा महंगा हुआ। मलेशिया में पाम तेल का उत्पादन अपेक्षा से अधिक रहने और क्रूड ऑयल के सस्ते होने का स्पष्ट प्रभाव वैश्विक तेल बाजार पर दिखा।

# जनधन खातों में जमा 2.75 लाख करोड़

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने कहा कि देश भर के जनधन खातों में वर्तमान में लगभग 2.75 लाख करोड़ रुपये जमा हैं, यानी प्रति खाता औसतन 4,815 रुपये। नागराजू ने एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया (एएससीआई) में भारत की वित्तीय समावेशन यात्रा पर 69वें स्थापना दिवस पर कहा कि चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से कुल 3.67 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत की वित्तीय समावेशन की यात्रा एक चमत्कार से कम नहीं रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत एक ऐतिहासिक क्षण थी, जिसने 57 करोड़ से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया। उन्होंने कहा, जन धन खातों में वर्तमान में लगभग 2.75 लाख करोड़ रुपये की राशि है, जिसका औसत प्रति खाता लगभग 4,815 रुपये है।

करीब 78.2 प्रतिशत जन धन खाते ग्रामीण या अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं और 50 प्रतिशत खाते महिलाओं के नाम हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग में पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक भय आपको बेचैन कर सकता है। सकारात्मक सोच और स्थिति के उज्ज्वल पक्ष को देखकर आप इससे बच सकते हैं।

**वृष:** दिन शानदार रहने वाला है। इस दिन जो काम शुरू करेंगे उसमें सफलता जरूर मिलेगी। पुराने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का भी मौका मिलेगा।

**मिथुन:** हनुमान जी की कृपा से बिगड़े हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज दिन फायदेमंद रहेगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क:** आज अपनी बुद्धि और प्रभाव का इस्तेमाल संवेदनशील घरेलू मुद्दों को सुलझाने में करना चाहिए। किसी से अचानक हुई रोमांटिक मुलाकात आपका दिन बना देगी।

**सिंह:** आज दिन थोड़ा बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने में सफल रहेंगे। सेहत को लेकर सतर्क रहे, नियमित रूप से व्यायाम करते रहें।

**कन्या:** रिश्ता धीरे–धीरे मजबूती की ओर बढ़ेगा। जिससे आप रिश्ते में मधुरता पैदा कर पाएंगे और विश्वास बढ़ा पाएंगे।

**तुला:** जल्दबाजी में निवेश न करें, संभव है कि घर में आपके लापरवाह रवैये के कारण आपको आलोचना का सामना करना पड़े।

**वृश्चिक:** आज दिन उतार–चढ़ाव से भरा रहेगा। किसी से ऊँचे स्वर में बात न करें। धैर्य और संयम से काम लें। आज का दिन अपने आप में एक बदलाव लाने वाला है।

**धनु:** आज आपके जीवन में कई नए बदलाव होंगे। इस दौरान आपको अपने जीवन साथी से अटूट प्यार मिलेगा।

**मकर:** अतिरिक्त आय के लिए विचारों का सहारा लें। परिवार का कोई सदस्य आपको बहुत ज्यादा तनाव देता है तो स्थिति के बेकाबू होने से पहले ही सीमा तय कर लें।

**कुंभ:** आज आपका दिन सामान्य से थोड़ा बेहतर रहेगा। आज आपके जीवन में मधुर प्रेम संबंधों की शुरूआत होगी। आपके पास कोई प्रेम प्रस्ताव भी हो सकता है।

**मीन:** नए कारोबार में आज सावधानी और सावधानी से काम लें। पारिवारिक विवाद संभव है। सोचने के लिए समय अवश्य निकालें।

## चुटकुले

पत्नी : सुनो जी, मैं कितनी खूबसूरत लग रही हूँ?
पति : इतना कि
पत्नी : कि क्या?
पति : अगर फोटो इंस्टाग्राम पर डालो, लाइक भी डरकर आएंगे!

---

दोस्त : भाई, कल जिम क्यों नहीं आया?
गोलू : आया था!
दोस्त : कब?
गोलू : जिम के पास से गुजरते हुए हाथ हिलाया था!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे चक्कर आते हैं!
डॉक्टर : कब–कब आते हैं?
मरीज : जब–जब मैं काम करने जाता हूँ।
डॉक्टर : समस्या नहीं, बहाना है ये!

---

मोनू : भाई, मेरा फोन बार–बार गरम हो रहा है!
गोलू : क्यों?
मोनू : शायद प्यार में पड़ गया है!
गोलू : नहीं भाई, तेरी 100वीं रील बनाते–बनाते थक गया है!





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अभिषेक ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, एक कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के लगाने वाले पहले भारतीय बने

**भारतीय टीम के विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का बल्ला इस साल जमकर चला और उन्होंने बड़ी उपलब्धि अपने नाम हासिल की। अभिषेक फिलहाल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने इस साल टी20 में 100 से अधिक छक्के लगाए हैं।**



**नई दिल्ली।** भारत और पंजाब के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने टी20 क्रिकेट के इतिहास में अपना नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करा लिया है। वे एक कैलेंडर वर्ष में 100 छक्के पूरे करने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। यह कारनामा उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में सर्विसेज के खिलाफ राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान किया। इस मैच में अभिषेक ने सिर्फ 34 गेंदों पर 62 रनों की तूफानी पारी खेली। उनकी पारी में आठ चौके और तीन छक्के शामिल थे। इसी पारी के दौरान उन्होंने साल के 100वें छक्के का आंकड़ा पार किया। अब तक वे 2025 में सिर्फ 36 टी20 पारियों में 101 छक्के जड़ चुके हैं।

## जमकर आग उगल रहा अभिषेक का बल्ला


अभिषेक का बल्ला इस साल आग उगल रहा है। उन्होंने 36 टी20 पारियों में 42.82 के औसत और 204.22 के स्ट्राइक रेट से 1499 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक और नौ अर्धशतक शामिल हैं। सर्विसेज के खिलाफ मैच में उन्होंने गेंद से भी कमाल दिखाया और दो विकेट चटकाकर पंजाब को 73 रनों से शानदार जीत दिलाई। इससे पहले बंगाल के खिलाफ उन्होंने 32 गेंदों पर शतक लगाया था। उस मैच में अभिषेक ने 52 गेंदों पर 148 रन बनाए थे जिसमें आठ चौके और 16 छक्के शामिल थे। पंजाब ने उस मैच में 20 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन का स्कोर खड़ा किया था।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अभिषेक सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उन्होंने 6 पारियों में 50.66 के औसत और 249.18 के स्ट्राइक रेट से 304 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल है। अभिषेक ने इस साल भारत के लिए 17 टी20 मैचों में 47 छक्के, सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल 2025 के 14 मैचों में 28 छक्के और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के छह मैचों में 26 छक्के लगाए हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज का हिस्सा हैं अभिषेक

आईसीसी की टी20 रैंकिंग में इस समय अभिषेक शर्मा दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज हैं। उनके नाम 920 रेटिंग पॉइंट्स हैं। अब सभी की नजरें नौ दिसंबर से शुरू हो रही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज पर हैं, जहां अभिषेक एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से मैदान पर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं।

# मेसी के दम पर इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब



**फोर्ट लॉडरडेल।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के दम पर इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर का खिताब पहली बार अपने नाम किया। इस दौरान मेसी और थॉमस मुलर के बीच प्रतिद्वंद्विता देखने मिली जिसे मेसी आगे निकल गए।

अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूनार्मेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी। मेसी और मुलर के बीच प्रतिद्वंद्विता में आमतौर पर मुलर ने ही बाजी मारी है, लेकिन इस बार अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी आगे निकल गए।

**मेसी ने करियर की 47वीं ट्रॉफी जीती :** मुलर और मेसी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है।

लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

# स्मृति-पलाश का रिश्ता आखिर टूट ही गया

**स्मृति मंधाना और पलाश मुछाल ने अपनी शादी टूटने का आधिकारिक एलान कर दिया है। मंधाना और पलाश दोनों ने लगभग एक ही समय पर सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिये इसका एलान किया है।**



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना और संगीतकार पलाश मुछाल का रिश्ता आखिरकार टूट गया। मंधाना और मुछाल ने लगभग एक ही समय में इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर शादी रद्द होने का आधिकारिक एलान रविवार को किया। मंधाना और पलाश की शादी 23 नवंबर को महाराष्ट्र के सांगली में होनी थी और दो दिन पहले से शादी की रस्में शुरू हो गई थी। शादी टलने की खबर 23 नवंबर की शाम को आई थी। मंधाना और पलाश ने 17 दिन बाद चुप्पी तोड़ी और स्पष्ट किया कि शादी टूट गई है।

## मंधाना-पलाश बोले- अब आगे बढ़ने का समय

मंधाना ने सबसे पहले रविवार दोपहर एक बजकर आठ मिनट पर इंस्टाग्राम स्टोरी लगाई और पोस्ट किया कि उनकी शादी रद्द कर दी गई है। इसके ठीक चार मिनट बाद यानी एक बजकर 11 मिनट पर इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और बताया कि मंधाना के साथ उनकी शादी टूट गई है। मंधाना ने लिखा, पिछले कुछ सप्ताह से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बहुत निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना होगा कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी यही करने की विनती करती हूं। मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और हमें अपनी गति से आगे बढ़ने का समय दें।

मंधाना ने आगे लिखा, मेरा मानना है कि हम सभी के पीछे एक बड़ा उद्देश्य है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं भारत के लिए यथासंभव लंबे समय तक खेलती रहूं और ट्रॉफियां जीतती रहूं और मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ब्रिसबेन टेस्ट आठ विकेट से जीता, स्टार्क-नेसर चमके

## इंग्लैंड के खिलाफ हासिल की बढ़त

**ऑस्ट्रेलिया टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट मैच में मात दी और पांच मैचों की एशेज सीरीज में बढ़त हासिल कर ली।**



**ब्रिसबेन।** मिचेल स्टार्क और माइकल नेसर के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में आठ विकेट से हराया। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 241 रन बनाए और 64 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने चौथे दिन दूसरी पारी में दो विकेट पर 69 रन बनाकर जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

## इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर भारी पड़े स्टार्क और नेसर

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए डे-नाइट टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में 334 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 511 रन बनाकर 177 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। दूसरी पारी में इंग्लैंड की बल्लेबाजी खराब रही और एक समय लगा कि टीम को पारी से हार का सामना करना पड़ेगा, लेकिन चौथे दिन कप्तान बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने पारी को संभाला। स्टोक्स ने अर्धशतक लगाया जिससे इंग्लैंड की टीम मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रही। ऑस्ट्रेलिया को 69 रनों का लक्ष्य हासिल करने में कोई दिक्कत नहीं हुई।

ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले पर्थ टेस्ट में भी जीत दर्ज की थी। दोनों टीमों के बीच अब सीरीज का तीसरा मैच एडिलेड में 17 दिसंबर से खेला जाएगा। स्टार्क ने कुल आठ विकेट झटके जिसमें पहली पारी में छह विकेट लेना शामिल है। वहीं, नेसर ने पहली पारी में एक विकेट लिया और दूसरी पारी में पांच विकेट झटके।

## स्मिथ की आक्रामक बल्लेबाजी

लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को गस एटकिंसन ने दो झटके दिए। हालांकि, ट्रेविस हेड और जैक वीदरएल्ड ने अच्छी शुरूआत दिलाई, लेकिन एटकिंसन ने हेड को बोल्ड कर दिया। हेड 22 गेंदों पर दो चौकों एक छक्के की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एटकिंसन ने मार्नस लाबुशेन को जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया जो तीन रन बनाकर आउट हुए।

फिर वीदरएल्ड और कप्तान स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। स्मिथ ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और नौ गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 23 रन बनाए, जबकि वीदरएल्ड ने 23 गेंदों पर दो चौकों की मदद से नाबाद 17 रन बनाए।

## स्टोक्स-जैक्स की साझेदारी

इंग्लैंड ने चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 134 रन से आगे बढ़ाई। स्टोक्स और जैक्स ने चार-चार रन से आगे खेलना शुरू किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों को कुछ हद तक परेशान किया। स्टोक्स ने इस दौरान अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जैक्स पचासा लगाने से पहले अपना विकेट गंवा बैठे।

जैक्स और स्टोक्स के बीच सातवें विकेट के लिए 96 रनों की साझेदारी हुई। जैक्स को नेसर ने अपना शिकार बनाया और वह 92 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 41 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नेसर ने स्टोक्स को भी पवेलियन की राह दिखाई जो 152 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद इंग्लैंड की दूसरी पारी ऑलआउट होने में ज्यादा समय नहीं लगा।

# अब आगे बढ़ने का समय है...', मंधाना ने पलाश संग शादी को लेकर तोड़ी चुप्पी; किया बड़ा एलान



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने संगीतकार पलाश मुछाल के साथ शादी को लेकर आखिरकार चुप्पी तोड़ दी है। मंधाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्पष्ट किया है कि उनकी शादी अब टूट गई है।

भारतीय महिला टीम की उपकप्तान स्मृति मंधाना ने पलाश मुछाल के साथ शादी टलने के बाद चुप्पी तोड़ी है। मंधाना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लंबा बयान जारी किया और इस बात की जानकारी दे दी है कि पलाश मुछाल के साथ उनकी शादी रद्द हो गई है। मालूम हो कि मंधाना और पलाश मुछाल की शादी 23 नवंबर को होने वाली थी, लेकिन उसी दिन इसे टाल दिया गया था। अब मंधाना ने बयान जारी कर स्पष्ट कर दिया है शादी रद्द कर दी गई है।

## मंधाना ने निजता का सम्मान करने का आग्रह किया

मंधाना ने रविवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, पिछले कुछ सप्ताह से मेरे जीवन को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं और मुझे लगता है कि इस समय मेरे लिए खुलकर बोलना जरूरी है। मैं बहुत निजी इंसान हूं और मैं इसे इसी तरह रखना चाहती हूं, लेकिन मुझे यह स्पष्ट करना होगा कि शादी रद्द कर दी गई है। मैं इस मामले को यहीं समाप्त करना चाहती हूं और आप सभी से भी यही करने की विनती करती हूं। मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि इस समय दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें और हमें अपनी गति से आगे बढ़ने का समय दें।

मंधाना बोलीं- भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित मंधाना ने लिखा, मेरा मानना है कि हम सभी के पीछे एक बड़ा उद्देश्य है और मेरे लिए वह उद्देश्य हमेशा अपने देश का सर्वोच्च स्तर पर प्रतिनिधित्व करना रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि मैं भारत के लिए यथासंभव लंबे समय तक खेलती रहूं और ट्रॉफियां जीतती रहूं और मेरा ध्यान हमेशा इसी पर रहेगा। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद। अब आगे बढ़ने का समय है।

## पलाश की भी आई प्रतिक्रिया

मंधाना के बाद पलाश मुछाल ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि उन्होंने निजी रिश्तों से दूर रहने का फैसला किया है। पलाश ने लिखा, मैंने अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने और निजी रिश्तों से दूर रहने का फैसला किया है। मेरे लिए यह देखना बहुत मुश्किल रहा है कि लोग मेरे लिए सबसे पवित्र चीज के बारे में बेबुनियाद अफवाहों पर इतनी आसानी से प्रतिक्रिया देते हैं। मैं सचमुच उम्मीद करता हूं कि हम एक समाज के रूप में, किसी के बारे में बिना पुष्टि की गई अफवाहों के आधार पर राय बनाने से पहले रुकना सीखें, जिनके स्रोत कभी पहचाने नहीं जाते। हमारे शब्द हमें ऐसे जख्म दे सकते हैं जिन्हें हम कभी समझ नहीं पाएंगे।

पलाश ने आगे लिखा, जब हम इन बातों के बारे में सोचते हैं, तो दुनिया में कई लोग गंभीर परिणामों का सामना कर रहे होते हैं।

मेरी टीम झूठी और अपमानजनक स्टोरी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेगी। इस कठिन समय में मेरे साथ खड़े रहने वाले सभी लोगों का धन्यवाद।

# 'रन कम हो गए, नहीं तो एक और शतक पक्का था' कोहली ने अर्शदीप के इस सवाल का दिया मजेदार जवाब



**विशाखापत्तनम।** अर्शदीप सिंह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और रील्स के जरिये लोगों का मनोरंजन करते हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के बाद अर्शदीप ने कोहली के साथ बातचीत की जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है।

भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह अपने मजाकिया अंदाज के लिए प्रसिद्ध हैं और लगातार मैच के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ आनंद करते हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने विराट कोहली के साथ भी किया। दरअसल, विशाखापत्तनम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए तीसरे वनडे मैच के बाद अर्शदीप ने कोहली का इंटरव्यू लिया। इस दौरान उन्होंने कोहली से कहा कि रन कम हो गए नहीं तो एक और शतक पक्का था।

इस पर कोहली ने अर्शदीप को ऐसा जवाब दिया जिससे उनकी बोलती बंद हो गई।

## भारत ने जीती सीरीज

भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल के शतक और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे मैच में नौ विकेट से हराया। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के 106 रनों की बदौलत 47.5 ओवर में 270 रन बनाए थे। भारत ने शीर्ष तीन बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 61 गेंद शेष रहते 39.5 ओवर में एक विकेट पर 271 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम की।

## कोहली के जवाब से अर्शदीप रह गए सन्न

अर्शदीप ने वीडियो में कोहली से कहा, 'पाजी रन कम रह गए, नहीं तो शतक पक्का था वैसे।' कोहली भी मजाकिया अंदाज में बोले- 'टॉस जीत गए, नहीं तो तेरी भी सेंचुरी पक्की थी।' दरअसल, कोहली का इशारा दूसरे वनडे मैच पर था जहां भारत 359 रनों के लक्ष्य का बचाव नहीं कर सका था और भारतीय गेंदबाज काफी महंगे साबित हुए थे। ओस के कारण दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना पहली पारी की तुलना में आसान था जिस कारण तीनों ही मैच में अच्छे स्कोर देखने मिले।

## कोहली बोले- मुक्त महसूस कर रहा हूं

प्लेयर ऑफ द सीरीज बने कोहली ने कहा कि वह लगभग 2-3 साल बाद खुद को इतना फ्री महसूस कर रहे हैं और इस पूरे सफर ने उन्हें बतौर खिलाड़ी और इंसान दोनों रूपों में निखारा है। लंबे करियर के उतार-चढ़ावों पर खुलकर बात करते हुए कोहली ने माना कि आत्म-संदेह हर क्रिकेटर के साथ चलता है, लेकिन टीम के लिए लगातार योगदान देने की उनकी भूख आज भी पहले जितनी ही तीखी है। उन्होंने कहा, 'इस सीरीज में जिस तरह मैंने बल्लेबाजी की, वह मेरे लिए बेहद संतोषजनक है।

# रोहित शर्मा फिटनेस पर दे रहे ध्यान , केक खाने से किया मना

**रोहित शर्मा मैदान के अंदर और बाहर अपने मजाकिया अंदाज के लिए प्रसिद्ध हैं और ऐसा ही कुछ दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद देखने मिला। रोहित अपनी फिटनेस को लेकर भी काफी सजग हो रहे हैं और उन्होंने इस कारण केक खाने से भी मना कर दिया।**



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अपनी फिटनेस पर अधिक ध्यान दे रहे हैं। रोहित भारत के लिए अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं क्योंकि उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट से संन्यास ले लिया है। रोहित ने जब से टेस्ट क्रिकेट खेलना छोड़ा है, उन्होंने फिटनेस को लेकर सतर्कता बरती है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया था कि रोहित अब तक 10 किलो वजन घटा चुके हैं। रोहित अपनी फिटनेस को लेकर कितने गंभीर हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे में जीत के बाद उन्होंने केक खाने से भी मना कर दिया।

## यशस्वी ने काटा केक

दरअसल, विशाखापत्तनम वनडे में भारत को मिली जीत के बाद जब टीम के सदस्य होटल पहुंचे तो वहां जीत का जश्न मनाने के लिए केक का इंतेजाम किया गया था। कोहली ने यशस्वी जायसवाल को केक काटने कहा।

यशस्वी ने तीसरे वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया था। यशस्वी ने केक काटने के बाद कोहली को खिलाया जिसके बाद वह केक खिलाने रोहित की तरफ बढ़े। रोहित ने हंसकर मना किया और बोले- 'नहीं यार, वापस मोटा हो जाऊंगा।' इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## यशस्वी, रोहित-कोहली के दम पर भारत ने जीती सीरीज

भारतीय टीम ने यशस्वी जायसवाल के शतक और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली के अर्धशतकों की मदद से दक्षिण अफ्रीका को तीसरे वनडे मैच में नौ विकेट से हराया। भारत ने इसके साथ ही तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए क्विंटन डिकॉक के 106 रनों की बदौलत 47.5 ओवर में 270 रन बनाए थे।

भारत ने शीर्ष तीन बल्लेबाजों की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 61 गेंद शेष रहते 39.5 ओवर में एक विकेट पर 271 रन बनाकर मैच तथा सीरीज अपने नाम की।

## रोहित के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 रन पूरे

लक्ष्य का पीछा करते हुए यशस्वी और रोहित ने भारत को मजबूत शुरूआत दिलाई और दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 155 रनों की साझेदारी की। रोहित ने इस दौरान अपने वनडे करियर का 61वां अर्धशतक लगाया और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20000 रन भी पूरे किए। रोहित 75 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद मैदान पर विराट कोहली उतरे, जिनका बल्ला इस सीरीज में जमकर चला। कोहली और यशस्वी ने गियर बदलते हुए आक्रमक अंदाज में बल्लेबाजी की। यशस्वी ने अपने वनडे करियर का पहला शतक लगाया और भारत को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

कोहली ने लगातार चौथे मैच में 50+ स्कोर बनाया। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे में अर्धशतकीय पारी खेली थी। यशस्वी ने 121 गेंदों पर 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 116 रन और कोहली ने 45 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 65 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एकमात्र सफलता केशव महाराज को मिली।

# विराट कोहली विशाखापत्तनम के नरसिम्हा स्वामी मंदिर पहुंचे, विशेष पूजा-अर्चना की


**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद विशाखापत्तनम के श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर पहुंचे। कोहली ने मंदिर में विधिवत पूजा की। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली रविवार को विशाखापत्तनम के श्री लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी मंदिर पहुंचे। कोहली ने इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज का हिस्सा थे। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शनिवार को विशाखापत्तनम में तीसरा वनडे मैच खेला गया था जिसमें भारत ने नौ विकेट से जीत दर्ज कर 2-1 से सीरीज अपने नाम की थी।

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज खत्म हो चुकी है। कोहली अकेले मंदिर पहुंचे और उन्होंने भगवान वराह लक्ष्मी नरसिंह की पूजा-अर्चना की। तीसरे वनडे से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मंदिर में पहुंचे थे।

विशाखापत्तनम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत ने 271 रनों का लक्ष्य सिर्फ 39.5 ओवर में नौ विकेट शेष रहते हासिल कर लिया था। इस जीत के हीरो रहे विराट कोहली को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। तीन मैचों की सीरीज में कोहली ने 302 रन बनाए जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल हैं। यह पहली बार है जब कोहली ने किसी द्विपक्षीय वनडे सीरीज (तीन या उससे कम मैच) में 300 से ज्यादा रन बनाए। इस प्रदर्शन के साथ उनके अंतरराष्ट्रीय शतकों की कुल संख्या अब 84 हो गई है।

भारत के लिए अब सिर्फ वनडे खेलते हैं कोहली: इस साल की शुरूआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके कोहली अब केवल वनडे प्रारूप में ही भारत के लिए खेल रहे हैं।




# पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने बीएलओ को दिया सुरक्षा और सहयोग, एसआईआर प्रक्रिया हुई तेज

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राम्प्रस्थ वार्ड 97 में पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के फॉर्म जमा करने में जुटे बीएलओ को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वयं फॉर्म भरने वाले कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बूथ लेवल अधिकारियों की सहायता की, जिससे फॉर्म जमा करने की प्रक्रिया तेज और सुगम हो गई।





बीएलओ को अक्सर घर-घर जाकर फॉर्म भरवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बीएलओ डिम्पी पाल ने बताया कि इलाकों में समय पर फॉर्म जमा करना बड़ी चुनौती है, इसी तरह सभी बीएलओ और पार्षद की टीम ने मिलकर घर-घर दस्तक देकर फॉर्म जमा कराए थे।

पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने कहा, बीएलओ की सुरक्षा और सहयोग हमारे लोकतंत्र की रीढ़ है। इसलिए हम सुरक्षा कर्मियों के साथ मिलकर उनका काम आसान बना रहे हैं। इस सहयोग से वार्ड 97 के निवासी अब अपने मतदाता अधिकारों को आसानी से सुनिश्चित कर पा रहे हैं।

वार्ड 97 के सुपरवाइजर शिवांगी ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सभी बीएलओ सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो बीएलओ अपना कार्य ठीक से नहीं कर रहे हैं, उनकी शिकायतें उच्च अधिकारियों को भेजी गई हैं। शिवांगी के अनुसार, बीएलओ मिथलेश की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसमें कहा गया है कि वह अपने दायित्वों को सही ढंग से निभा नहीं रही हैं। इस संबंध में वार्ड के पार्षद श्रीभगवान अग्रवाल ने भी संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।



सुपरवाइजर ने आशा व्यक्त की कि सभी बीएलओ को उचित मार्गदर्शन और समर्थन मिलेगा, जिससे एसआईआर प्रक्रिया सुगमता से पूर्ण हो सके।

# कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने एसआईआर अभियान के तहत मृत बीएलओ के परिजनों से की मुलाकात, जताई संवेदना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को मोदीनगर जाकर एसआईआर ड्यूटी के दौरान प्राण गंवाने वाले लालमोहन के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा डासना ने कहा कि ऐसा एसआईआर की ड्यूटी के दौरान पूरे देश में कई सौ लोगों की जान चली गई।

सरकार को उनके लिए मुआवजे की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने जल्दबाजी में यह प्रक्रिया शुरू की है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश के लिए और अधिक समय दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृत लालमोहन के परिवार के साथ कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी तरह खड़े हैं। इस मौके पर लालमोहन के परिजनों ने बताया कि उनकी ड्यूटी साहिबाबाद में लगी थी। सरकारी अधिकारियों के उत्पीड़न की वजह से ब्रेन हेमरेज हो गया और उनकी मृत्यु हो गई।

प्रतिनिधि मंडल में मोदीनगर के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप कंसल, पूर्व प्रत्याशी नीरज प्रजापति, नगर अध्यक्ष बृजेश सेन, जिला महामंत्री तरुण शर्मा एडवोकेट, जिला सचिव दिनेश कुमार, नगर अध्यक्ष सुनील शर्मा, मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## मामूली कहासुनी पर कर दी दोस्त की हत्या

**नोएडा।** अस्तौली गांव निवासी मनीष की हत्या उसके ही दोस्तों ने पार्टी के बाद मामूली कहासुनी होने पर अंजाम दी थी। दनकौर कोतवाली पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों हत्यारोपी आपस में मौसेरे भाई हैं। मनीष से उनकी 11 वर्ष से दोस्ती थी। पुलिस ने उनके कब्जे से कार बरामद कर ली है। दनकौर कोतवाली पुलिस ने मनीष की हत्या में आरोपी दोस्त भरत निवासी अस्तौली और बॉबी निवासी पतलाखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पार्टी करने के दौरान उनकी मनीष से कहासुनी हो गई थी।



दोनों ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को जमालपुर गांव के नजदीक पुल से नहर में फेंक दिया था। 3 दिन एनडीआरएफ और पुलिस टीम ने चलाए गए सर्च अभियान के बाद घटनास्थल से 5 किलोमीटर दूर बांजरपुर गांव के नजदीक नहर में मनीष का शव बरामद किया था। पोस्टमार्टम के बाद शनिवार देर शाम परिजनों ने गमगीन माहौल में एकलौते बेटे के शव का अंतिम संस्कार किया।

# नेशनल पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव बच्चों ने प्रस्तुत किए रंगारंग कार्यक्रम

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के परिसर में 'Growing Minds' के तहत वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि संजीव शर्मा (प्रबंधक, इंडो वैली स्कूल), स्कूल प्रबंधक शान्तनु शर्मा, प्रधानाचार्य रीना शर्मा और उपप्रबंधक प्रयांशु शर्मा ने दीप प्रज्वलित किया।



नन्हे-मुन्ने छात्रों ने रंग-बिरंगे कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में चमकते सितारे जैसा निखार था—हर एक परफॉर्मेंस ने दर्शकों के दिलों को झूमने पर मजबूर कर दिया। समारोह में गैस्ट ऑफ ऑनर किरण कपूर और विशेष अतिथि मुकेश ने बच्चों की कलाकारी की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



प्रधानाचार्य रीना शर्मा ने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य सिर्फ पढ़ाई नहीं, बल्कि भाषा, खेल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक ज्ञान के माध्यम से हर छात्र का सर्वांगीण विकास करना है, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या बबीता शर्मा आयुष शर्मा, संदीप नागर और बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस रंगीन समारोह को यादगार बना दिया।

वास्तव में, यह दिन न केवल स्कूल के लिए बल्कि पूरे समुदाय के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया—जहाँ छोटे-छोटे कदमों से भविष्य की बड़ी उड़ानें तैयार होती हैं।

# 64वीं सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैम्पियनशिप ट्रिपल टैक अकादमी और बागपत का शानदार प्रदर्शन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद की मेजबानी में शुक्रवार से 64वीं उत्तर प्रदेश सीनियर स्टेट पुरुष बास्केटबॉल चैम्पियनषिप खेली जा रही है। जिसमें उत्तर प्रदेश की कुल 44 टीमों ने हिस्सा ले रही है।

06/12/2025 को खेले गए मैचों का परिणाम इस प्रकार है-मुरादाबाद व ट्रिपल टैक अकादमी : ट्रिपल टैक अकादमी 59-31 से जीता। बहराइच व एटा : एटा 40 -09 से जीता। बागपत व बुलंदशहर : बागपत 61 - 15 से जीता।



शहाजहॉनपुर व सीतापुर : सीतापुर 48 - 09 से जीता। बनारस हिंदु विश्वविद्यालय व बिजनौर : बनारस हिंदु विश्वविद्यालय 33-21 से जीता। सहारनपुर, व सिद्वार्थनगर : सहारनपुर 23 - 07 से जीता। आगरा व झॉसी : आगरा 51 - 26 से जीता। जौनपुर व वाराणसी : वाराणसी 36 - 16 से जीता। हाथरस व उन्नाव : हाथरस 43 - 24 से जीता। अमरोहा व मैनपुरी : मैनपुरी 41 - 14 से जीता। अयोध्या व मिजार्पुर : अयोध्या 41 - 37 से जीता। गौतमबुद्व नगर व इलाहाबाद विश्वविद्यालय : इलाहाबाद विष्वविद्यालय 37 - 32 से जीता। आजमगढ़ व मुरादाबाद : मुरादाबाद 41 - 28 से जीता। ट्रिपल टैक अकादमी व फरुर्खाबाद : ट्रिपल टैक अकादमी 47- 26 से जीता। बागपत व शहाजहॉनपुर : बागपत 37 - 13 से जीता। गाजियाबाद व लखनऊ विश्वविद्यालय : गाजियाबाद 48 - 19 से जीता।



SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिन्दगी भर रहे एक दूसरे का संग और जीवन में हमेशा रहे उमंग , उल्लास के रंग। गिरीश गुमास्ता और ज्योति गुमास्ता की आज मैरिज एनिवर्सरी है। सफल , सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा का ये क्रम अनवरत चलता रहे। इन मंगल कामनाओं के साथ परिवार के सभी सदस्यों ने इस जोड़ी को लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ और हमेशा एक दूसरे के साथ रहने की बधाई शुभकामनायें दीं।

## गलगोटिया जाने वाले सर्विस रोड पर भीषण हादसा, बाइक सवार छात्र की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सलारपुर अंडरपास से गलगोटिया विश्वविद्यालय की ओर जाने वाले सर्विस रोड पर एक अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान विवेक कुमार शर्मा पुत्र अशोक कुमार शर्मा निवासी गांव दूधेरा पोस्ट जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के रूप में हुई है। युवक गलगोटिया विशिवद्यालय का छात्र था। जानकारी के अनुसार विवेक अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहा था। तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। सूचना मिलते ही थाना दनकौर पुलिस मौके पर पहुंची।




## कमिश्नरेट : एक दिन में हुए तीन एंकाउंटर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में शनिवार को एक के बाद एक पुलिस की हुई बदमाशों से साथ मुठभेड़ की चर्चा खूब सुनाई दे रही है। पूरा मामला मीडिया से लेकर सोशल मीडिया पर छाया रहा है। तो वही जिस तरह से दिन और शाम को मिलाकर एक दिन के भीतर कुल तीन हाफ एनकाउंटर हुए हैं। जिसमें दो सिटी वाले जोन में तो एक देहात वाले जोन के अंतर्गत हुआ है। वैसे पुलिस ने तीन अलग-अलग संदेश के जरिए जहां कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति होने का दावा प्रस्तुत किया है। तो मुख्यमंत्री के आने से पूर्व जिस तरीके से गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने बदमाशों को पानी पिलाने का काम किया है उसकी चर्चा और तारीफ हो रही है। तो वही जिस तरीके से सिटी वाले जोन में भगवा दल वाले जानकारों से हुई लूट के प्रयास के मामले में पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। उससे खाकी का भी नाम हो रहा है। वही जिस तरीके से देहात वाले जोन में भी शाम को गोली चली और कमिश्नरेट वाले पुलिस कमिश्नरेट में 25 और 20 हजार के इनामियों को सबक सिखाया गया है नहीं। वह भी काम सराहनीय बताया जा रहा है। इन सबके बीच जिस तरीके से सिटी वाले हाफ एनकाउंटर में क्राइम ब्रांच वालों ने साथ खड़े होकर पूरे मामले को हल करवाया है, उसकी भी चर्चा हो रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में सोमवार का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला, बताया जा रहा है कि महाराज जी कई घंटे का आशीर्वाद की सड़कों पर रहेंगे, वह सड़क से एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम में भी जाएंगे। इस दौरान जाम और व्यवस्थाओं पर काम करने का परिणाम और लाभ भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिस्टम में ही देखने को मिलेगा। वैसे भी इन दिनों पूरे पश्चिम उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम लग रहे हैं । तो पूरे गाजियाबाद को भी बेहद अलर्ट मोड पर रखा जाता क्योंकि हिंडन पर अधिकांश बार हवाई जहाज उतर तार है। तो पुलिस लाइन भी महफूज और महत्वपूर्ण स्थल बन चुका है। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी यही से आगे का कार्यक्रम तैयार किया जाएगात्र अब देखना होगा कि सोमवार को होने वाले कार्यक्रमों के बाद मुख्यमंत्री क्या संदेश देकर जाते हैं और क्या निष्कर्ष रहता है। कुल मिलाकर जिस तरीके से महाराज जी के आने से पहले कमिश्नरेट वाले सिस्टम में तीन एक के बाद एक हाफ एनकाउंटर किए गए हैं, उसकी बदमाशों में गूंज सुनाई दे रही है।



# 44वीं सीनियर यूपी शूटिंग बॉल चैंपियनशिप संपन्न, मेरठ व गाजियाबाद ने जीते खिताब





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी यूनिवर्सिटी, मेरठ रोड परिसर में आयोजित 44वीं सीनियर उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ। दो दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब के लिए कड़ी टक्कर दी।

**मेरठ ने बालक वर्ग का खिताब जीता:** बालक वर्ग के फाइनल में मेरठ की टीम ने सहारनपुर को 21झ15, 21झ19 से हराते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। सहारनपुर द्वितीय और गाजियाबाद की टीम तृतीय स्थान पर रही।

**गाजियाबाद बनी बालिका वर्ग की चैंपियन:** बालिका वर्ग के निर्णायक मुकाबले में गाजियाबाद की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए आजमगढ़ को 23झ21, 21झ11 से मात दी और प्रथम स्थान हासिल किया। वाराणसी की टीम तृतीय स्थान पर रही।

**विजेताओं को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार:** समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. अनिल अग्रवाल, पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष, इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन, तथा अजय प्रमुख, प्रदेश अध्यक्ष, शूटिंग बॉल एसोसिएशन यूपी, ने विजेता टीमों को सम्मानित किया।

- प्रथम स्थान को 7000 रुपए व ट्रॉफी
- द्वितीय स्थान को 5000 रुपए व ट्रॉफी
- तृतीय स्थान को 3000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान किए गए।

**समारोह में गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम की अध्यक्षता रविंद्र तोमर, महामंत्री, इंटरनेशनल शूटिंग बॉल फेडरेशन ने की। कार्यक्रम में अमरजीत बिड़डी, मदनपाल सिरोही, हुकम सिंह पुंडीर और रणवीर सिंह अतिथि के रूप में मौजूद रहे।समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। अंत में शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के महासचिव जीतराज तोमर ने सभी खिलाड़ियों, अधिकारियों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया।


# गौर होम्स सोसाइटी में विंटर कार्निवल बच्चों की आंखों में दिखी रचनात्मक चमक


**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गौर होम्स सोसाइटी में रविवार को विंटर कार्निवल का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन एडीएम फाइनेंस सौरभ भट्ट ने किया। मेले में बच्चों के लिए ड्राइंग और डांस प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहीं। प्रतियोगिता के विजेताओं को देवप्रभा प्रकाशन की ओर से मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। खाने-पीने व आकर्षक आइटमों के स्टॉल बने आकर्षण कार्निवल में व्यंजनों और विभिन्न घरेलूझथीम आधारित आइटमों के कई स्टॉल लगाए गए, जिन पर निवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने निवासियों का आभार जताया।



आर ड ब्ल्यू ए अध्यक्ष अतुल त्यागी, सचिव कृष्ण बिष्ट, कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष शांति सिंह, सह सचिव घनश्याम सिंह कांबोज और बोर्ड सदस्यों—मनेंद्र कुमार, संजय गोयल, शिवोम पाण्डेय, ललित कुमार एवं प्रियंका चौधरी—ने सफल आयोजन के लिए सभी निवासियों का धन्यवाद प्रेषित किया।

# दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में वाणिज्य मेले का आयोजन






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विद्या भारती मेरठ प्रांत की ओर से नेहरू नगर स्थित दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर में प्रांतीय वाणिज्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 16 जिलों के 33 विद्यालयों से लगभग 500 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस वाणिज्य मेले के माध्यम से वाणिज्य विषय के छात्र-छात्राओं ने प्रश्न मंच प्रदर्शन और पत्र वाचन जैसे विषयों में अपनी भागीदारी की। दुर्गावती हेमराज टाह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के अध्यक्ष प्रोफेसर अखिलेश मिश्रा और कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री जितेंद्र शर्मा उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में सभी छात्राओं को विद्या भारती की पृष्ठभूमि से अवगत कराया गया। संस्थान के शहर संगठन मंत्री यतेंद्र शर्मा ने कहा कि समाज और देश की उन्नति व विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं को दृढ़ भारत और विकसित भारत के लिए अपना योगदान देना होगा।

विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश मेरठ प्रांत के संगठन मंत्री प्रदीप गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रांत स्तर पर आयोजित किया गया। इस वाणिज्य मेले का उद्देश्य छात्राओं में कॉमर्स विषय के प्रति रोजगार के अवसरों की जानकारी देनी थी। और कॉमर्स विषय में रुचि जागृत करना था। इसके साथ ही इस मेले में सभी छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग भी की गई। मेले के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विद्या भारती मेरठ प्रांत के प्रांतीय मंत्री राम वरुण वाटिका प्रमुख शिव कुमार शर्मा, विद्यालय प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष कुणाल त्यागी, प्रबंधक दीपांशु पाल प्रधानाचार्य विपिन राठी, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार वंदना वर्मा, रजनी, सत्य प्रकाश समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



Nitin Jai Mavii
1h ·

धन्यवाद माननीय मुख्यमंत्री आदरणीय पूज्य महाराज श्री योगी आदित्यनाथ जी🙏
साथ ही विशेष आभार हमारे लोकप्रिय विधायक माननीय श्री नन्दकिशोर गुर्जर जी ये आपके प्रयासों से ही सफल हो पाया है,हम सभी लोनीवासियों को आप पर गर्व है आप हैं तो लोनी के लिए सब मुमकिन है 🙏
MYogiAdityanath
Nand Kishor
Nandkishor Gurjar

"लोनी वासियों के लिए खुशखबरी"
माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के आशीर्वाद व मा० विधायक लोनी श्री नंदकिशोर गुर्जर जी के प्रयासों से लोनी क्षेत्र के दिल्ली सहारनपुर मार्ग का सुदृढीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

@UPGovt
@CMOfficeUP
@ChiefSecyUP
@CommissionerMe3

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** क्षेत्र में विकास की एक सौगात आयी है तो युवा चेहरों पर भी खुशी है। लोनी के युवा भाजपा नेता नितिन जय मावी ने दिल्ली सहारनपुर मार्ग की उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और लोनी विधायक नंदकिशोर विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोनी वासियों को आप पर गर्व है। आप हैं तो लोनी के लिए सब मुमकिन है। विकास की खुशी और सौगात के लिए आभार जताती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# 'पुतिन की भारत यात्रा ट्रंप की नाकामी'

## पेंटागन के पूर्व अधिकारी का बड़ा बयान, अमेरिकी नीति को बताया पाखंड



**पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा को अमेरिका में ट्रंप की बड़ी कूटनीतिक नाकामी माना जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि 65% अमेरिकी ट्रंप को नापसंद करते हैं। रूबिन ने रूस से भारत के तेल आयात का बचाव करते हुए कहा कि अमेरिका खुद मॉस्को से व्यापार करता है और भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों को प्राथमिकता देने में सही है।**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रूबिन ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे को बहुसंख्य अमेरिकी नागरिक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोर नाकामी के रूप में देख रहे हैं। अमेरिकी नागरिक ट्रंप को पसंद नहीं करते। रूबिन ने दावा किया कि हालिया सर्वे में पाया गया है कि अमेरिका के 65 प्रतिशत लोग ट्रंप को नापसंद करते हैं। अमेरिकी पूर्व अधिकारी ने कहा कि रूस से रियायती तेल खरीदने पर भारत को लेक्चर देकर अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि वॉशिंगटन खुद मॉस्को के साथ व्यापार में शामिल है। उन्होंने नई दिल्ली की अपनी जरूरतों को प्राथमिकता देने की स्थिति को सही ठहराया।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने अमेरिका की कड़ी आलोचना तब की जब उनसे नई दिल्ली दौरे के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की उस टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि मॉस्को बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए ईंधन की बिना रुकावट आपूर्ति जारी रखने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने वाला है और उसकी अपनी ऊर्जा जरूरतें हैं। उन्होंने अगस्त में भारतीय आयात पर अमेरिका की तरफ से 50% टैरिफ लगाने की आलोचना की। वाशिंगटन का दावा है कि यह तेल यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध प्रयासों को बढ़ावा देता है।

रूसी तेल खरीद पर अमेरिका कर रहा पाखंड

रूबिन ने खास बातचीत में कहा, जो बात अमेरिकियों को समझ नहीं आती, वह यह है कि भारतीयों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत के हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। अमेरिका पाखंड कर रहा है क्योंकि हम रूस से खरीदते हैं। हम ऐसे सामान और मटीरियल खरीदते हैं जिनके लिए हमारे पास कोई दूसरा बाजार नहीं है। उन्होंने कहा, अगर हम नहीं चाहते कि भारत रूसी तेल खरीदे तो हमें भारत को सस्ती कीमत पर और जितनी मात्रा में उसे जरूरत है उतनी मात्रा में ईंधन देने के लिए हम क्या करने वाले हैं?

पाकिस्तान को गले लगाने पर भी सवाल

पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाकिस्तान को गले लगाने के लिए अमेरिका के पास कोई रणनीतिक तर्क नहीं होने का दावा करते हुए कहा कि इस्लामाबाद को आतंकवाद का स्टेट स्पॉन्सर घोषित किया जाना चाहिए। उन्होंने जून में पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के व्हाइट हाउस दौरे पर भी आपत्ति जताई और कहा कि मुनीर को अमेरिका में गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

# शांति प्रयासों के बीच रूस ने यूक्रेन पर दागे 653 ड्रोन व 51 मिसाइलें, बुनियादी ढांचों को भारी नुकसान



**कीव।** शांति प्रयासों के बीच रूस ने शनिवार रात यूक्रेन पर बड़ा हमला किया। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 29 जगहों पर 653 ड्रोन और 51 मिसाइलें दागीं, जिससे रेलवे स्टेशनों सहित कई अहम ढांचे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। यूक्रेन ने 585 ड्रोन और 30 मिसाइलें मार गिराने का दावा किया।

शांति के लिए जारी कूटनीतिक प्रयासों के बीच रूस ने शनिवार रात को यूक्रेन पर बड़े पैमाने पर मिसाइल व ड्रोन हमले किए। इससे पहले अमेरिका व यूक्रेन के अधिकारियों ने कहा था कि वे लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए तीसरे दिन की बातचीत को स्थानीय समयानुसार शनिवार को मिलेंगे।

यूक्रेनी वायुसेना ने शनिवार सुबह बताया कि रूस ने 29 स्थानों को निशाना बनाकर 653 ड्रोन व 51 मिसाइलें दागीं। इसके कारण पूरे देश में रेलवे स्टेशनों समेत बुनियादी ढांचों को व्यापक नुकसान पहुंचा। यूक्रेनी वायुसेना ने कहा कि उनके बलों ने 585 ड्रोन व 30 मिसाइलें मार गिराईं और निष्क्रिय कर दीं।

**सशस्त्र सेना दिवस के दौरान हुए हमले, कीव में तीन लोग घायल**

यह हमला उस समय हुआ जब यूक्रेन अपना सशस्त्र सेना दिवस मना रहा था। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, कीव क्षेत्र में कम से कम तीन लोग घायल हो गए।

यूक्रेन के पश्चिमी हिस्से लवीव क्षेत्र में भी ड्रोन देखे जाने की सूचना है। यूक्रेन के राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक उक्रेनेर्गो ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि रूस ने कई यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजलीघरों व अन्य ऊर्जा संरचनाओं पर मिसाइल-ड्रोन हमला किया।

**जेलेंस्की ने क्या कहा?**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि ऊर्जा सुविधाओं को लक्षित कर ये हमले किए गए। उन्होंने यह भी बताया कि एक ड्रोन हमले में कीव क्षेत्र के फास्टिव शहर का रेलवे स्टेशन जलकर खाक हो गया।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसकी हवाई सुरक्षा प्रणाली ने रातभर में रूसी क्षेत्र में 116 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया।

# पश्चिम अफ्रीकी देश की कमान अब सेना के हाथ लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल बने सैन्य समिति अध्यक्ष



**कॉटोनू।** पश्चिम अफ्रीका के बेनिन में एक समूह सैनिकों ने स्टेट टीवी पर सरकार को भंग करने की घोषणा की। लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को सैन्य समिति का प्रमुख बनाया गया।

पश्चिम अफ्रीका के देश बेनिन में बड़े राजनीतिक उलटफेर की खबर सामने आई, जब एक समूह सैनिकों ने स्टेट टीवी पर अचानक उपस्थिति दर्ज कराते हुए सरकार को भंग करने की घोषणा कर दी। सैनिकों ने खुद को मिलिटरी कमेटी फॉर रिफाउंडेशन बताया और दावा किया कि देश के राष्ट्रपति तथा सभी राज्य संस्थानों को हटा दिया गया है।

सैनिकों के बयान के अनुसार, लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को नई सैन्य समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। टीवी पर यह घोषणा आते ही पूरे देश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। फ्रांस से 1960 में स्वतंत्रता मिलने के बाद बेनिन ने कई सैन्य तख्तापलट देखे हैं। स्वतंत्रता के बाद शुरूआती दशकों में राजनीतिक अस्थिरता बनी रही। हालांकि 1991 के बाद, माथ्यू केरेकू के दो दशक लंबे शासन के बाद देश में अपेक्षाकृत स्थिर लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित हुई थी।

### राष्ट्रपति तालोन का कार्यकाल

राष्ट्रपति पैट्रिस तालोन 2016 से सत्ता में थे और अगले वर्ष अप्रैल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के बाद पद छोड़ने वाले थे। उनकी पार्टी के उम्मीदवार, पूर्व वित्त मंत्री रोमुल्ड वाडागनी, चुनाव में सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। वहीं, विपक्षी उम्मीदवार रेनॉड अग्बोड्जो को चुनावी आयोग ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि उनके पास आवश्यक संख्या में स्पॉन्सर्स नहीं थे, जिससे चुनाव पर पक्षपात के आरोप लगे।

पिछले महीने देश की संसद ने राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच से बढ़ाकर सात वर्ष कर दिया, हालांकि कार्यकाल की अधिकतम सीमा दो ही रखी गई है। इस कदम को लेकर राजनीतिक विवाद पहले से ही गर्म था।

### पश्चिम अफ्रीका में तख्तापलट का बढ़ता सिलसिला

बेनिन में यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब पश्चिम अफ्रीका पहले से ही लगातार सैन्य तख्तापलट की चपेट में है। पिछले सप्ताह गिनी-बिसाऊ में भी सेना ने राष्ट्रपति उमरो एम्बालो को हटा दिया था, जहां चुनाव परिणामों को लेकर दोनों प्रमुख उम्मीदवारों ने खुद को विजेता घोषित कर दिया था।

# पांच दिवसीय भारत दौरे पर शीर्ष अमेरिकी राजनयिक हूकर

## रणनीतिक साझेदारी, तकनीकी सहयोग पर होगा जोर

**वॉशिंगटन।** इस दौरे से पहले 6 दिसंबर को भारत और अमेरिका ने आतंकवाद के सभी रूपों और स्वरूपों की कड़ी निंदा की है। दोनों देशों ने संयुक्त राष्ट्र, क्वाड और एफएटीएफ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर आतंकवाद-रोधी सहयोग मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

अमेरिका की अंडर सेक्रटरी ऑफ स्टेट फॉर पॉलिटिकल अफेयर्स एलिसन हुकर 7 से 11 दिसंबर तक भारत के दौरे पर रहेंगी। अमेरिकी दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार, उनका यह दौरा भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और व्यापार, रक्षा और उभरती तकनीकों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित रहेगा।



### दोनों देशों ने आतंकवाद पर सख्ती दोहराई

3 दिसंबर को यहां आयोजित हुई भारत-अमेरिका संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजी) की 21वीं बैठक और 7वीं डेजिग्नेशन डायलॉग में दोनों पक्षों ने आईएसआईएस, अल-कायदा, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत उनके समर्थकों और सहयोगियों पर संयुक्त राष्ट्र के 1267 प्रतिबंध सूची में और नाम जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों देशों ने पहलगाम (22 अप्रैल) और दिल्ली के लाल किला क्षेत्र (10 नवंबर) में हुए आतंकी हमलों की निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों को सजा मिलनी चाहिए और उन्हें किसी भी प्रकार का समर्थन नहीं मिलना चाहिए। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह बैठक भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की भावना और उसके दायरे को दर्शाती है।

**तमाम क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने पर होगा फोकस:** आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एलिसन हुकर की प्राथमिकताओं में अमेरिकी निर्यात को बढ़ावा देना, आर्थिक संबंधों को और गहरा करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), अंतरिक्ष अनुसंधान तथा अन्य उभरते क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करना शामिल है।

इस दौरे के दौरान एलिसन हुकर नई दिल्ली में वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगी।

वह विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ 'फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन' में हिस्सा लेंगी, जिसमें इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में सुरक्षा, आपसी हितों और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

### इसरो का करेंगी दौरा, कई मुद्दों पर होगा मंथन

इसके बाद वह बंगलूरू जाएंगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा करेंगी और भारत के अंतरिक्ष व तकनीकी क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच अनुसंधान, नवाचार और ऊर्जा क्षेत्र में संभावित नए सहयोग पर चर्चा होगी। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्राथमिकताओं के तहत यह दौरा 'मजबूत भारत-अमेरिका साझेदारी' और 'मुक्त व खुले इंडो-पैसिफिक' की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

# इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं.. : पीटीआई



**पीटीआई ने पूर्व इमरान खान के खिलाफ सेना के प्रवक्ता की टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। पार्टी ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के प्रयास कई बार नाकाम रहे हैं और यदि हालात ऐसे ही रहे तो पाकिस्तान को नुकसान उठाना पड़ेगा।**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने सेना के प्रवक्ता की पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ टिप्पणियों की आलोचना की और कहा कि इमरान खान 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं।' पार्टी ने हाल ही में संविधान संशोधनों के बाद कमजोर होती लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर भी चेतावनी दी।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के महानिदेशक अहमद शरीफ चौधरी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि इमरान खान 'सेना-विरोधी' रुख अपना रहे हैं और उनकी बयानबाजी राजनीति से आगे बढ़कर 'राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा' बन गई है।

पीटीआई के महासचिव सलमान अकरम राजा ने इस आरोप पर कहा, पाकिस्तान के लोगों को दूर मत भगाइए, वे इमरान खान और पीटीआई के साथ हैं। इमरान खान राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा नहीं हैं। उन्होंने लोगों को एकजुट रखा। राजा ने कहा कि पाकिस्तान में जातीय और सांप्रदायिक जैसे कई दृष्टिकोण हैं, लेकिन इमरान ने सभी को ठुकराकर पाकिस्तान की विचारधारा के साथ खड़े रहने का विकल्प चुना। उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा में चुनी हुई सरकार को कमजोर करने की कोशिशों के खिलाफ चेतावनी दी।

उन्होंने आईएसपीआर की प्रेस कॉन्फ्रेंस को 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया और कहा कि पीटीआई अपने संस्थापक के खिलाफ लगाए गए आरोपों का जवाब नहीं देगी।

उन्होंने कहा, 'आज हमें बताया जा रहा है कि देश के सबसे लोकप्रिय नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं, जो कि हास्यास्पद है।' राजा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने के प्रयासों का इतिहास पाकिस्तान में कई बार देखा गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य शासन कभी भी समृद्धि नहीं ला सका और लोकतंत्र, कानून और संविधान के खिलाफ कथित तर्क हमेशा गलत साबित हुए।

पीटीआई के अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली ने भी आईएसपीआर की टिप्पणियों की निंदा की और कहा कि यह लोकतंत्र के लिए 'दुर्भाग्यपूर्ण' है। उन्होंने कहा कि मौजूदा माहौल बदलना चाहिए, वरना नुकसान केवल इमरान खान का नहीं बल्कि सभी का होगा। गोहर ने कहा कि पीटीआई हमेशा लोकतंत्र, शांति और कानून के शासन के पक्ष में रही है और इमरान हमेशा कहते रहे हैं कि पाकिस्तान और उसकी सेना जनता की हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मौजूदा हालात जारी रहे तो लोकतंत्र को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ेगा।

# ताइवान के करीब चीन ने बढ़ाई सैन्य गतिविधियां गश्त करते दिखे दो विमान और सात नौसैनिक जहाज



**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान ने अपने क्षेत्र के आस-पास दो चीनी विमान और सात नौसैनिक जहाजों की गतिविधि दर्ज की, साथ ही एक गुब्बारा भी देखा गया। शनिवार को भी चीन के 29 विमान और छह जहाज ताइवान के पास सक्रिय दिखे।

ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय (एमएनडी) ने रविवार को बताया कि उसके क्षेत्र के आस-पास चीनी सेना (पीएलए) के दो विमान उड़ान भरते हुए और सात नौसैनिक (पीएलएएन) जहाज गतिविधि करते हुए दिखाई दिए। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी देखा गया।

मंत्रालय ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा, आज सुबह छह बजे (स्थानीय समयानुसार) तक ताइवान के आसपास पीएलए के दो विमानों और पीएलएएन के सात जहाजों की गतिविधि दर्ज की गई। इसी समय एक चीनी गुब्बारा भी पाया गया। ताइवान के रक्ष बलों ने स्थिति की निगरानी और प्रतिक्रिया दी। शनिवार को ताइवान के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियां बढ़ गईं। उस दिन चीन के 29 लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी और छह नौसैनिक जहाजों की गतिविधि देखी गई।

इस बीच, जो बाइडन प्रशासन के पूर्व रक्षा अधिकारी एलि रैटनर ने जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के बयान को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ताइवान की रक्षा में जापान के शामिल होने की संभावना पर चीन की प्रतिक्रिया अनुचित है।

ताइपे टाइम्स के मुताबिक, एलि रैटनर 2021 से इस वर्ष तक हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के लिए सहायक रक्षा सचिव थे। सात नवंबर को जापानी प्रधानमंत्री ने संसद में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो इसे 'जापान के अस्तित्व के लिए खतरा' माना जा सकता है और जापान को कदम उठाना पड़ सकता है।

## रडार लॉक विवादः जापान और ऑस्ट्रेलिया ने शांति बनाए की अपील की

**टोक्यो।** जापान और ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को शांति बनाए रखने की अपील की। दरअसल, चीनी सैन्य विमान ने शनिवार को दो बार जापान के लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक किया था। यह घटना उस समय हुई, जब पिछले महीने जापानी पीएम के ताइवान पर दिए बयान से बीजिंग नाराज हुआ।

जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने कहा कि जापान ने चीन के सामने औपचारिक विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने इसे 'बेहद खेदजनक' और 'खतरनाक' करार दिया।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन का जे-15 विमान ओकिनावा के पास चीनी विमानवाहक पोत लियाओनिंग से उड़ा और दो बार जापानी एफ-15 विमानों पर रडार लॉक किया। उन्होंने कहा कि जापानी विमान, चीनी विमानों का सुरक्षित दूरी से पीछा कर रहे थे और किसी भी उकसावे वाली हरकत में शामिल नहीं थे। हवाई क्षेत्र का उल्लंघन नहीं हुआ और कोई नुकसान भी नहीं हुआ।

# चीनी सैन्य विमान ने जापानी विमानों पर दो बार लॉक किया रडार, जापान ने दर्ज कराया कड़ा विरोध; बढ़ा तनाव



**जापान ने लड़ाकू विमानों पर रडार लॉक को लेकर चीन के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापनी रक्षा मंत्री ने इसे बेहद खतरनाक बताते कहा कि यह कदम सुरक्षित सैन्य उड़ान संचालन की सीमा से बाहर है।**

**टोक्यो।** चीन के एक सैन्य विमान ने शनिवार (स्थानीय समयानुसार) को ओकिनावा के पास जापानी लड़ाकू विमानों पर अपना रडार लॉक किया। जापान ने आज इस घटना को लेकर चीन के सामने विरोध दर्ज कराया है। चीनी सैन्य विमान ने विमानवाहक पोत लियानओनिंग से उड़ान भरी थी। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब हाल ही में जापानी प्रधानमंत्री के ताइवान पर दिए बयान के बाद दोनों देशों के संबंध खराब हो गए हैं।

जापान के रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 'लियाओनिंग' से उड़ान भरने वाले जे-15 लड़ाकू विमान ने शनिवार को दो बार जापान के एफ-15 विमानों पर अपना रडार लॉक किया। पहली बार देर दोपहर करीब तीन मिनट के लिए और दूसरी बार शाम में लगभग 30 मिनट तक रडार लॉक किया गया। हालांकि जापान के हवाई क्षेत्र का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और न ही किसी तरह का नुकसान हुआ।

रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने इसे 'बेहद खतरनाक हरकत' बताया। उन्होंने कहा कि चीन का यह कदम सुरक्षित सैन्य उड़ान संचालन की सीमा से बाहर है।

उन्होंने कहा कि जापान ने चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

घटना के बाद दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ सकता है। चीन पहले ही जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची के उस बयान पर नाराजगी जता चुका है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर चीन ताइवान पर कोई कार्रवाई करता है तो जापान भी इसमें शामिल हो सकता है।

घटना के दौरान लियाओनिंग ओकिनावा और मियाको द्वीपों के बीच से गुजर रहा था और वह प्रशांत महासागर में विमान संचालन का अभ्यास कर रहा था। जापानी एफ-15 विमान सतर्कता के तौर पर हवा में भेजे गए थे और वे सुरक्षित दूरी पर रहते हुए चीनी विमानों पर नजर रख रहे थे।

रक्षा विशेषज्ञों ने बताया कि लड़ाकू विमान रडार का इस्तेमाल सामान्य खोज के लिए भी करते हैं और मिसाइल दागने से पहले फायर कंट्रोल के रूप में भी। माना जा रहा है कि जापान और चीन के बीच रडार लॉक की यह पहली घटना है। इससे पहले साल 2013 में एक चीनी युद्धपोत ने जापानी डेस्ट्रॉयर पर रडार लॉक किया था।

# 'बल प्रयोग कर सकते हैं डोनाल्ड ट्रंप': रक्षा मंत्री हेगसेथ

**वॉशिंगटन।** ड्रग तस्करी से जुड़ी कथित नावों पर सैन्य कार्रवाई का बचाव करते हुए अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि राष्ट्रपति को अगर उचित समझें तो उन्हें देश की रक्षा के लिए कार्रवाई करने का अधिकार है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कथित ड्रग कार्टेल से जुड़ी नावों पर सैन्य हमलों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास देश की सुरक्षा के लिए 'जैसा वह उचित समझें' कार्रवाई करने का अधिकार है। हेगसेथ ने कहा कि ट्रंप अपनी इच्छानुसार बल का इस्तेमाल कर सकते हैं। रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में बोलते हुए हेगसेथ ने हमलों की आलोचनाओं को खारिज कर दिया। गौरतलब है कि इन सैन्य हमलों में 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। इन हमलों पर अंतरराष्ट्रीय कानून के संभावित उल्लंघन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीट हेगसेथ ने तर्क दिया कि अमेरिकी नागरिकों की सुरक्षा के लिए ये ऑपरेशन वाजिब था। उन्होंने इसकी तुलना 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद लिए गए फैसलों से की। हेगसेथ ने कहा कि अगर आप किसी घोषित आतंकी संगठन के लिए काम कर रहे हैं और देश में नाव के जरिये ड्रग्स लाते हैं तो हम आपको ढूंढ लेंगे और डुबो देंगे। इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप देश के हितों की रक्षा के लिए जैसा सही समझेंगे, वैसी निर्णायक सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं और करेंगे। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश को इस पर शक नहीं होना चाहिए। अमेरिकी रक्षा मंत्री ने संदिग्ध ड्रग तस्करों की तुलना आतंकवादी संगठन अल-कायदा से की। उनकी यह टिप्पणी ट्रंप प्रशासन की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति जारी करने के तुरंत बाद आई है।




# श्रीश्याम परिवार मस्त मंडल का 18वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, भजन-संध्या में उमड़ा श्रद्धा और भक्ति का सागर

## उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बाबा श्याम की अनुकंपा से श्रीश्याम परिवार मस्त मंडल का 18वां वार्षिक उत्सव शनिवार को रामलीला मैदान, कवि नगर में बड़े धूमधाम और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में देशभर से पधारे सुप्रसिद्ध भजन गायक मंडल ने भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कोलकाता से रवि बैरिवाल, चंडीगढ़ से कन्हैया मित्तल, समस्तीपुर से रश्मि शर्मा, कोलकाता से श्रीकांत तथा गाज़ियाबाद से हर्षित वर्षीय ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने श्याम महिमा का गुणगान किया, वहीं सजाए गए दरबार का भक्तों ने विशेष आनंद लिया। भक्त देर शाम तक बाबा श्याम के भजनों पर झूमते रहे और प्रसाद व भोजन का आनंद उठाया।

### रामलीला मैदान, कवि नगर में भक्त झूमे प्रमुख अतिथियों ने की बाबा श्याम के चरणों में नमन

### मुख्य अतिथि रहे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सांसद अतुल गर्ग, एमएलसी सुभाष यदुवंश, सुशील गुप्ता, दीप गुप्ता, शरद जैन, सौरव जायसवाल, हरि अग्रवाल, बॉबी अग्रवाल, दिनेश गोयल, अजय गुप्ता, सुधीर अग्रवाल, मनोज गुप्ता, विकास पोद्दार, पुनीत गुप्ता, पराग पोद्दार, गौरव जैन, अनुराग गोयल, सचिन मित्तल, विनोद सिंघल, कपिल गुप्ता, विजय वाधवा, सचिन गोयल, सर्वेश सिंघल, अंकित गोयल, अरविंद बिंदल, शलभ बिंदल, आशु मित्तल, लोकेश मलिक सहित अन्य गणमान्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### भक्तों में उत्साह, माहौल रहा भक्ति-मय

**करंट क्राइम।** पूरे कार्यक्रम में श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक था। भजनों और सजावट ने पूरे रामलीला मैदान को आध्यात्मिक रंग से सराबोर कर दिया। आयोजकों ने बताया कि यह वार्षिकोत्सव श्याम परिवार की आस्था और सेवा भावना का प्रतीक है।

# हिन्दी भवन में हुआ कवि सम्मेल एवं मुशायरे का आयोजन














**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिन्दी भवन सभागार में रविवार को कवि सम्मेलन और मुशायरे का आयोजन किया गया। हिन्दी भवन समिति के तत्वाधान में आयोजित कवि सम्मेलन और मुशायरे में बिजेन्द्र सिंह परवाज, डा. नवाज देवबंदी, अनिल अग्रवंशी, नईम अख्तर, हिमांशी बांवरा, आलोक यादव, डा. नदीम शाद, अंजू जैन और राज कौशिक ने अपनी काव्यात्मक और शायराना प्रस्तुति से समां बांध दिया। हिन्दी भवन समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल तथा महासचिव सुभाष गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा ने एसआईआर में बीएलओ के साथ मिलकर किया कार्य

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्रनगर वार्ड 80 की पूर्व पार्षद हेमलता शर्मा अपनी टीम के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ सहयोग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को फॉर्म जमा करने, मतदाता सूची का सत्यापन करने और संभावित त्रुटियों को सुधारने में सक्रिय सहायता प्रदान की।



हेमलता शर्मा ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया की सफलता के लिए बीएलओ की भूमिका अहम है और उनका समर्थन इस कार्य को सुगम बनाता है। उनकी टीम ने क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर जाकर मतदाताओं को जागरूक किया और फॉर्म भरने में मदद की। स्थानीय निवासियों ने भी इस सहयोग की सराहना की, जिससे वार्ड 80 में मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। एसआईआर के अंतिम चरण को पूरा करने के लिए वह और उनकी टीम बीएलओ के साथ मिलकर काम जारी रखेगी। हेमलता शर्मा की इस पहल को गाज़ियाबाद में मतदाता सूची सुधार के व्यापक प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, वार्ड 80 में भी एसआईआर कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए कई बीएलओ को सम्मानित किये जाएंगे। इस सहयोग से वार्ड 80 के मतदाताओं को अपने नाम सही ढंग से दर्ज करवाने में सुविधा होगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ेगी।

# पार्षद धीरज अग्रवाल ने किया नीति खंड - एक में सीसी रोड का शुभारंभ



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के नीति खंडएक क्षेत्र में विकास की एक और मजबूत नींव रखी गई। कल्कि धाम रोड एवं जीडीए नर्सरी के साथ बनने वाली सीसी रोड का शिलान्यास पार्षद धीरज अग्रवाल ने विधिवत रूप से किया। यह सड़क केवल ईंट पत्थर की संरचना नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्वल भविष्य की प्रतीक है। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों में पुनिश पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, पूर्व महामंत्री उमाशंकर तोमर, मंडल मंत्री नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना, मंडल सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा, आशीष पांडे, मनोज डागा, अनिल भसीन, प्रेम तलवार, विजय त्रिपाठी, महेंद्रू, आदेश शर्मा, सत्यम तिवारी तथा कई सम्मानित क्षेत्रवासी शामिल थे।



पार्षद धीरज अग्रवाल ने कहा, यह सड़क जनसेवा, संकल्प और विकास के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है। क्षेत्रवासियों के धैर्य और विश्वास को आज नई दिशा मिली है। पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना ने कहा, विकास रुकेगा नहीं - इंदिरापुरम आगे बढ़ेगा। नयी सीसी रोड के निर्माण से आवागमन सुगम होगा और स्थानीय व्यापार को भी गति मिलेगी, जिससे समग्र विकास को बल मिलेगा।

# कूड़े-मलबे के निपटान को लेकर नगर निगम सक्रिय मार्केट एरिया में लगाए जा रहे जागरूकता बोर्ड

## एक सप्ताह में 6.57 लाख रुपये का जुर्माना वसूला, पांचों जोनों में चल रहा अभियान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** शहर में स्वच्छता को लेकर गाजियाबाद नगर निगम लगातार जागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर पांचों जोनों में स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई कर रही हैं।

मार्केट एरिया में कूड़ा घर हटाकर उनकी जगह जागरूकता बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिनमें साफ-सफाई से जुड़ी जरूरी जानकारी अंकित है। निगम द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वे कचरा सड़क पर न फेंकें और कचरा पृथक्करण को अपनाएं। नागरिक किसी भी सफाई संबंधी शिकायत को 311 एप या हेल्पलाइन 1800-180-3012 पर दर्ज करा सकते हैं। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश ने बताया कि निगम स्थाई समाधान के तहत कई स्थानों से कूड़ा घर विलोपित कर रहा है और मार्केट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। पिछले एक सप्ताह में स्वास्थ्य विभाग टीमों ने मिलकर कुल 6,57,000 रुपये का जुमार्ना वसूला है।




**जोनवार कार्रवाई:** विजयनगर जोन में सेनेटरी एवं फूड इंस्पेक्टर श्वेता सिंह की टीम ने सेक्टर 9, सम्राट चौक और प्रताप विहार मार्केट में अभियान चलाकर 1,69,000 रुपये का जुमार्ना वसूला। सिटी जोन में घंटाघर, रमते राम रोड, लोहिया नगर और अन्य बाजारों में 57,000 रुपये की वसूली की गई।मोहन नगर जोन में श्याम पार्क और लाजपत नगर में 35,000 रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

कवि नगर जोन में गोविंदपुरम, राजनगर व अन्य इलाकों में 3,22,000 रुपये की वसूली की गई। वसुंधरा जोन में शक्ति खंड, वैशाली और वसुंधरा क्षेत्रों में 1,74,000 रुपये का जुमार्ना वसूला गया। नगर आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता मिशन में नागरिकों और व्यापारियों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। निगम अपना कार्य कर रहा है, पर शहर को स्वच्छ रखना सभी की जिम्मेदारी है।




क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के एक पार्षद के दिल में जाग चुके हैं मेयर बनने के अरमान? सुना है वैश्य बिरादरी के ये पार्षद कर रहे हैं अब इस प्लान पर काम? जब मिले वो एक कार्यक्रम में किसी से तो यहां पर खोली उन्होंने अपनी जुबान? साफ कह दिया इस बार मैं 100 प्रतिशत लड़ूंगा ही लड़ूंगा मेयर वाला चुनाव? इसके अलावा नहीं है मेरा कोई ख्वाब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के एक मंडल में ठाकुर महामंत्री का बदल गया है रंग? सुना है मैडल मंडल प्रधान ने उन्हें दी नयी जिम्मेदारी और बना दिया मंडल के व्हाट्सअप ग्रुप का एडमिन? कहने वाले ने कहा कि एडमिन बनते ही ठाकुर साहब को तो बदल गया एक दम ही नजरिया? जिस दिन से मैडम ने बनाया उन्हें एडमिन उस दिन से उन्होंने पूर्व वालों की तरफ देखना ही छोड़ दिया? सुना है कई दिनों से उन्होंने शुक्ला जी से भी नहीं की है बात? पूर्व वाले उनके इस बदले अंदाज को देखकर हैं हैरान, कि किस कदर उन्होंने अपना रूख मोड़ दिया है?

क्यों कहा कहने वाले ने कि 2027 के चुनावी रण में कौन सी विधानसभा से आयेंगे सबसे ज्यादा भगवा दावेदार? कहने वाले ने कहा कि जो इस समय विधायक जी विधायक जी करते घूम रहे हैं आगे पीछे? आप देख लेना वो मिलेंगे दिल्ली और लखनऊ में ध्वज प्रणाम वालों से लेकर संगठन वाले भाई साहब को अपना बायोडाटा देते? कहने वाले ने कहा कि शहर सीट से दो वैश्य और साहिबाबाद सीट से करेंगे दो ठाकुर पूरी तरह से ट्राई? बताने वाले ने अंदर की ये बात भी बताई कि धौलाना में कोई ब्राह्मण भी मांग सकता है टिकट? मोदीनगर में भी समीकरण बदलेगा मेरे भाई?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह से फ्लॉवर वालों ने वोटर लिस्ट वाला टारगेट अचीव किया है हाफ? उस तरह से मतदान के दिन भी उम्मीदें हो जायेंगी हाफ? लगाने वाले ने हिसाब लगाकर ये बताया? हाफ वाले सीन में हो गयी हैं फ्लॉवर के गढ़ वाली आधी वोटें सफाया? अब करना होगा यहां पर किसी नयी नीति से काम? केवल नयी वोटों के सहारे नहीं चलेगा काम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वाले वो पार्षद ना तो दिखे किसी भी दिन एसआईआर वाले अभियान में ? ना ही उनका फेस दिखाई दिया जानकी भवन वाली बैठक में? फ्लॉवर वाले एक नेता ने ही सबको ये बताया, उन दिनों हमने जब भी उन्हें फोन मिलाया? उधर से उन्होंने हमें ये ही बताया कि मैं हूं एसआईआर अभियान में बीएलओ के साथ बिजी? हमें नहीं पता था कि वो ले रहे हैं सभी को इतना ईजी? पता चला है ये मैम्बर है ओबीसी?

क्यों कहा कहने वाले ने कि इस बात का हमें हो गया है एतबार? मुराद पूरी करने वाले करते हैं गागर में सागर भरने वाले नागर से बहुत ही प्यार? हमें पता चला है तीन दिन से चढ़ा हुआ है विधायक जी को बुखार? मगर पैरासिटामोल खाकर बुखार की जंजीरें तोड़कर उन्होंने दिया नागर के यहां पर दीदार? कहने वाले ने कहा कि इसलिए हमने देखा है मिस्टर नागर रत्ती भर भी बात जो हो विधायक जी के खिलाफ उसे नहीं करते हैं स्वीकार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि डिप्टी सीएम ने जब लिया बैठक में विशेष तौर से लोनी का नाम और पुकारा नंदकिशोर गुर्जर विधायक को? तब अचानक से क्यों आयी विधायक जी की ये आवाज? लोनी का तो बहुत बुरा हाल है साहब? कहने वाले ने कहा कि विधायक जी ने ये क्या कह दिया साहब? तब किसी ने किया कहने वाले को करैक्ट? बताया विधायक जी बता रहे थे पहले था लोनी का बहुत बुरा हाल? एक बार दोबारा से सुन लो उस रिकॉर्डिंग को तो हो जायेगा सब स्पष्ट? वैसे ये भी सच है दोनों डिप्टी सीएम लेते हैं क्रान्तिकारी वालों का नाम ? कर देते हैं उनका मामला मस्त?

क्यों कहा कहने वाले ने कि डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में जब येड़ा बनकर पेड़ा खाने वाले डेढ़ा भईया ने एक महान मंत्री के अरमानों को छेड़ा? तो यहां पर महान मंत्री ने जवाब सीधा दिया? बिल्कुल भी नहीं घूमाया टेढ़ा? उन्होंने करा दिया कार्यक्रम में अपनी अनदेखी का अहसास? कहा काश हमें दे दे कोई काम? हमसे सहन नहीं होता है यूं करना आराम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब हुई थी डिप्टी सीएम के कार्यक्रम में भीड़ जुटाने को लेकर यूथ वालों की मीटिंग? तब यहां पर थी कई चेहरों की सीटिंग? जब हुए यहां पर भीड़ लाने पर सवाल? तब यहां पर किसी युवा गुर्जर चेहरे ने 200 की संख्या बताकर अपना हाथ दिया हवा में उछाल? लेकिन जिस दिन आया कार्यक्रम उस दिन पलट गयी बात? 200 की संख्या बताने वाला ये चेहरा अकेला पहुंचा था जेब में डालकर हाथ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथी वालों के यहां इस बार कौन होगा बर्थडे सैलीब्रेशन का जजमान? कहने वाले ने कहा कि सुना है शिक्षा विद लाला जी के भी अब ढ़ीले पड़ गये हैं अरमान? जताने वाले ने ये संभावना भी जताई? ऐसा ना हो नीले दफ्तर का ताला आरडीसी में खुले और वहीं पर केक काटकर दे दी जाये बधाई? सुना है कलैक्शन को लेकर कोई नहीं ले रहा है टेंशन? कलैक्शन वाले तो पहले ही बाहर हो गये और बाकी को भी नहीं है कोई टेंशन?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# वैशाली वार्ड 76 में श्रीमद्भागवत कथा के अवसर पर निकली कलश यात्रा





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली के सेक्टर 2 स्थित श्री राम वाटिका में श्री नारायण भक्ति ज्ञान सत्संग मंडल, वैशाली द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत कलश यात्रा के साथ हुई, जो श्री राम वाटिका से शुरू होकर शिव मंदिर, सेक्टर 2ई सेक्टर 2बी मदर डेरी रोड, सेक्टर 1, सेक्टर 3ए पीएनबी रोड होते हुए पुनः कथा स्थल पर समाप्त हुई।

कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएँ और बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। यात्रा के दौरान पार्षद गौरव शिवानी सोलंकी, कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद मनोज गोयल मुख्य रूप से मौजूद रहे। उपस्थित जनसमुदाय को 'रामराज्य का प्रतीक' बताया और मातृशक्ति व भाइयों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से वैशाली में देवलोक का अनुभव हुआ और सभी को 7-14 दिसंबर तक चलने वाली भागवत कथा में आमंत्रित किया।

कथा वाचक स्वामी अक्षयानंद महाराज ने कलश यात्रा को 'अद्भुत' कहा और उपस्थित सभी भक्तों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में श्री नारायण भक्ति ज्ञान सत्संग मंडल के अध्यक्ष सुभाष शर्मा तथा वार्ड 72 के पार्षद कुसुम मनोज गोयल सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर वार्ड 76 के विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की, जिनमें पूर्व पार्षद शिवानी सोलंकी, अशोक वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सुभाष सिंह, अवधेश कटियार, शिव शंकर उपाध्याय, श्यामवीर भदोरिया, योगेश शर्मा, पवन गुप्ता, प्रदीप सिसोदिया, अशोक गुप्ता, मिथिलेश भदोरिया, गीता गुप्ता, कैलाश गोयल, दिनेश शर्मा, एस के दुबे, विमला भट्ट, सीमा नेगी, रामस्वरूप खंतडवाल, दिवाकर मिश्रा, घनश्याम गुप्ता, विनोद त्रिपाठी, दिनेश बिष्ट, ए के सिंह, वीर सेन मित्तल, राम अवतार यादव, संतोष कुमार सिंह, दीपक गुप्ता, जे के सोनी, प्रहलाद सिंह, मुकेश गौतम, बिजी सिंह, योगेश शर्मा, पी के तुली, एस के उपाध्यक्ष, अनिल एडवोकेट, पवन गोयल, अनीता अग्रवाल, पूजा गोयल, पुष्पा गोयल, राम मूर्ति अग्रवाल, नीलम खंडवाला, तृप्ति सिंह, श्वेता मिश्रा, सरला चौधरी, रेखा प्रजापति, अर्चना गुप्ता, रीता परिहार आदि शामिल थे।

# पार्टी विवाद में दोस्त की हत्या: दनकौर पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार, शव नहर से मिला

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर पुलिस ने दोस्त की हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो युवकों को आज गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने मृतक की कार भी बरामद किया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला है कि पार्टी के दौरान आरोपियों का मृतक से झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसकी गला दबाकर हत्या कर दी तथा शव को गंग नहर में फेंक दिया था। एनडीआरएफ ने शनिवार की शाम को नहर से शव को बरामद किया था। आज पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के अस्तौली गांव में रहने वाले मनीष 29 नवंबर को अपने घर से लापता हो गया था। वह अपने दो दोस्तों भारत पुत्र अरुण भाटी और बोबी भाटी पुत्र देवेंद्र भाटी के साथ घर से निकला था। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को उनके परिजनों ने उनकी गुमशुदा की रिपोर्ट थाना दनकौर में दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। इसी बीच पुलिस से उसके दोनों दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों दोस्तों ने पार्टी के दौरान हुए विवाद में उसकी गला दबाकर हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस और एनडीआरएफ की टीम शव बरामद करने में जुटी हुई थी। कई दिनों के मशक्कत के बाद पुलिस ने शनिवार की शाम को मनीष के शव को घटनास्थल से 7 किलोमीटर दूर झाड़ियां के अंदर से बरामद किया। उसका शव झाड़ियों में फंस गया था। इसलिए पुलिस और एनडीआरएफ को ढूंढने में काफी कठिनाई हुई। उन्होंने बताया कि शव बरामद करने के बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आज पुलिस ने दोनों आरोपियों भारत और बॉबी भाटी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि उनके पास से मृतक की कार भी बरामद हुई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 29 नवंबर की आधी रात को ही मनीष की हत्या कर शव नहर में फेंक दिया था और घर से फरार हो गए थे। पुलिस के अनुसार शराब के नशे में तीनों दोस्तों में कहासुनी और गाली-गलौज हुई। मनीष ने गांव के अपने एक दोस्त से फोन भी किया। इसके बाद दोनों दोस्तों ने मनीष की गला दबाकर हत्या कर दी।

हत्या के बाद शव को नहर में फेंक दिया और उसकी कार को ग्रेटर नोएडा के एक मॉल की पार्किंग में खड़ा कर दिया। उन्होंने बताया कि मनीष अपने पिता राम राज नारायण की इकलौती संतान था। इस घटना के बाद घर परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। मनीष की फरवरी में हरियाणा के पलवल जिले के एक गांव से शादी होने वाली थी।